नेतृत्व

धन्यवाद भाई विलियम, भाई सलानो और उनकी पत्नी को शुभकामनाये, और सारे प्रतिनिधियों को जो यहां बैकद में आज रात्रि है। निश्चय ही यहाँ होना एक महान सौभाग्य है। मैं इस घड़ी की प्रतीक्षा में जब से मैंने इस ओर आरंभ किया हूँ।

2 और मैं—मैं उस महिला को धन्यवाद देना चाहता हूं मुझे उसका नाम याद नही आ रहा है, बिली ने मुझे बताया कि उन्होंने मुझे बडे दिन की टोफियो का एक बक्सा दिया है, और कुछ क्षणों पहले कार के पास लाये। बहन, मुझे उनका नाम याद नही आ रहा है वह यहां कैलिफोर्निया से है, यह मेरे लिए बडे दिन का पहला उपहार है। इसलिए मैं इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

3 आज रात्रि यह... अब टूयूसान में यह नौ बज कर दस मिनट है, परंतु मैं सोचता हूं यहाँ यह आठ बज कर दस मिनट हुए है, इसलिए हम... लोगों के मध्य में मेरी एक भावना है, मैं एक प्रकार से प्रचार में लंबा उबाऊ बोलने वाला हूं, इसलिए मैं आशा करता हूं... [सभा ताली बजाती है।—सम्पा।] धन्यवाद। ऐसे... कुछ भले व्यक्ति यहाँ पर है। मैं धन्यवाद देता हूं।

4 परंतु मैंने लगभग आज रात्रि प्रचार कर दिया है मैं दूर जा रहा हूं शेवरेपोर्ट से और राष्ट्र के उसपार (इधर से आते हुए) एक के बाद दूसरी रात्रि, और आप छोटा सा झटका पाते है, आप जानते है और आपका गला खरखरा जाता है। मैंने शेरवेपोर्ट से आरंभ किया। मैंने अपने बाल खो दिए जब मैं... कुछ वर्षों पहले। और मेरे पास एक छोटी बालो की टोपी है, जब मैं उत्तरी क्षेत्र में प्रचार करता हूं तो मैं पहनता हूं ताकि ठंड से बचू। मैं शेरवेपोर्ट फिर गया और मैं इसे भूल गया और मुझे वास्तव में जुकाम गया वे हवाये इस प्रकार से गुजर रही थी। और खाल अब भी मुलायम है और थोड़ी सी सांस से और मैंने वास्तव में इसे अपने गले में ले लिया; बहुत सी सभाये बंद करनी पड़ी। इसलिए आज रात्रि थोड़ा बहुत खरखरा रहा हूं।

5 मैं यह कहना चाहता हूं, हमारा यहां आते हुए बहुत ही अच्छा समय रहा सभाओं में से होते हुए। गत रात्रि हमारा बहुत अच्छा समय रहा, वहां भाईयों के संग वहाँ दूसरे भाग में। और इसलिए बड़ी भीड़ थी और शानदार

उपस्थिति, लोग इतने श्रद्धा में और अच्छे मुझे बहुत अच्छा लगा कि मैं फूल गोस्पल बिजनेसमेन का हिस्सा हुआ। ये...

6 मुझे अनुभव हो रहा है, मुझे परमेश्वर से संदेश मिला है, कुछ लोगों के लिए, थोड़ा सा विचित्र भी है और मैं इससे अधिक सहायता नही कर सकता... मैं वही होना चाहता हूं जो मैं हूं। और हम... अलग होने का मेरा मतलब नही, यह बस मैं—मैं बदलते हुए समय में रह रहा हूं। हम...

7 जब तक आप दीवार को सीधा–सीधा बना रहे है, यह अच्छा है, ईट रखने वाला लाईन में चल सकता है, परंतु जब आप को कोना मोडना होता है, यहाँ जहां समय... और हम दीवार नही बना रहे है; हम घर बना रहे है, आप समझे, तो यह मोड आना ही है। यह मार्टिन लूथर, जॉन वेसली और पेंटीकोस्टल युग में आए यह फिर यहां पर है इसलिए हम... कोना मोड़ना कठिन है। इसके लिए मैं परमेश्वर का धन्यवादित हूँ, यदपि यह कितना ऊबड़–खाबड़ था लोगों को शत प्रतिशत की, इसलिए हम बहुत आभारी है, आपमें से प्रत्येक को धन्यवाद देते है।

और इसके पहले की पुस्तक को खोलें, हम लेखक से बात करें यदि आप चाहें एक क्षण के लिए, जब की हम अपने सिर झुकाए हुए है:

8 प्रिय परमेश्वर, आज रात्रि हम आभारी है, इस सौभाग्य के लिए कि हम यीशु मसीह (अपने उद्धारकर्ता) को, आपका पुत्र, उसे जान रहे है और अपने पापो की मुफ्त क्षमा को, और यह जानते हुए कि उसका लहू जो हमारे सारे पापों और अपराधों को ढांकने के लिए पर्याप्त है। वे ऐसे मिटा दिए गए और परमेश्वर के भूल जाने वाले समुंदर में डाल दिए गए और उसकी दुल्हन विवाह के भोज में पवित्र निष्कलंक खड़ी होगी कि परमेश्वर के पुत्र से विवाह करें। हम कैसे आपका इस सर्वसम्पन्ता का धन्यवाद करे, और यह जानने का विश्वास कि हम अपनी योग्यताओं का भरोसा नही करते, परंतु केवल योग्यता का जो उसने हमारे लिए किया। हम बहुत आभारी है।

9 इस सफलता के लिए धन्यवाद, जो इन भाइयों को समुद्र पार मिली और वहां के देश, जहाँ वे लोग जो परमेश्वर के लिए भूखे और प्यासे है। मैं प्रार्थना करता हूं, प्रभु, कि यदि वे फिर वापस जाये कि बालक, जिनको वे राज्य में लाये है, उन बालकों के दादा–दादी बनेंगे, उन्हें भी वे लायेंगे। पिता, इसे प्रदान करें।

10 आज रात्रि हमें एक साथ आशीष दे, और पवित्र आत्मा हमें वे चीजें दे जिनकी हमें आवश्यकता है, जो बातें हमें नही कहनी चाहिए उनके लिए हमारे मुंह बंद रखें, और हमारे ह्रदयो को खोल दे, जो आप बताएं उसे स्वीकार करे, पिता। इसे ग्रहण करें, यीशु मसीह के नाम में हम प्रार्थना मांगते हैं। आमीन।

11 अब हम अपनी बाईबलो को छोटे से मूल पाठ के लिए खोले जिस पर मैं आज रात्रि बोलना चाहूंगा, और यह संत मरकुस में मिला 10 वां अध्याय।

12 और मैं... कुछ वर्षों पहले जब मैंने भूलना चाहा तो मुझे नोट भी नही लिखने पढ़ते थे मैं उन्हे याद रख सकता था। और पढ़ने के लिए चश्मा भी नही लेना होता था कि बाईबल पढ़ु, परंतु जब से मैंने 25 पार किये है, दो बार, और यह एक प्रकार से मेरे लिए थोड़ा कठिन है कि वैसे ही करूं जैसा किया करता था। और यह पुरानी कार के समान है, परंतु मैं अब भी चल रहा हूं, ओह, मैं पटाके बजाते रहना चाहता हूं जब तक... मैं कबाड़ के ढेर पर ना पहुंचू कि फिर से गल कर तैयार होऊं। यह प्रतिज्ञा है

13 संत लूका, 10 वां अध्याय, और आरंभ करते है... मैं विश्वास करता हूं कि मैंने कहा 21 वा पद, यदि मैं इसे यहीं कहीं ढूंढ सकूं, मैं गलती कर रहा हूं, यह संत मरकुस है। मुझे क्षमा करें।

14 संत मरकुस का 10 वां अध्याय और 21 से आरंभ करके, मैं पढ़ना चाहता हूं, बल्की 17 वा पद ले:

> *और जब वह निकल कर मार्ग में जाता था, तो एक मनुष्य उसके पास दौड़ता हुआ आया, और उसके आगे घुटने टेक कर उस से पूछा, हे उत्तम गुरु, अनंत जीवन का अधिकारी होने के लिए मैं क्या करूं?*
>
> *येशु ने उससे कहा तू मुझे उत्तम क्यों कहता है? कोई उत्तम नही केवल एक अर्थात परमेश्वर।*
>
> *तू आज्ञाओ को तो जानता है, हत्या ना करना, व्यभिचार न करना, चोरी न करना, झूठी गवाही ना देना, छल ना करना, अपने पिता और माता का आदर करना।*
>
> *उसने उससे कहा, हे गुरु इन सब को मैं लड़कपन से मानता आया हूं।*

यीशु ने उस दृष्टि करके उससे प्रेम किया और उस से कहा, तुझ में एक बात की घटी है, जो, जो कुछ तेरा है, उसे बेच कर कंगालों को दे दे और तुझे स्वर्ग में धन मिलेगा और आकर क्रूस उठा और मेरे पीछे हो ले।

इन बात से उसके चेहरे पर उदासी छा गई: और वह शोक करता हुआ चला गया क्योंकि वह बहुत धनी था।

और प्रभु अपने वचन के पढ़े जाने पर आशीष दे

15 अब हम आज रात्रि एक विषय पर बोलने जा रहे हैं, मैं अपना मूल पाठ चाहता हूं "मेरे पीछे हो ले" और मेरा विषय है: *नेतृत्व*

16 अब यह विचित्र है, परंतु मैंने सोचा हो सकता है आज प्रार्थना में... और मैं बहुत समय से और प्रत्येक रात्रि यहाँ संदेश की पंक्ति में जो मेरे पास था, जो प्रभु ने मुझे बोलने को दिया। आज रात्रि मैंने सोचा यहाँ इस नए अध्याय में, मैं इसे दूसरे दृष्टिकोण से लूंगा। और हम बहुत सी बात इस पर बात कर चुके है, इसे "धनी युवा शासनकर्ता" कहा। और यहां मेरे बहुत से सेवक भाई कोई संदेह नही उन्होंने इसे विभिन्न प्रकार से लिया है। और आज रात्रि मैं इसे भिन्न प्रकार से लेने का यत्न कर रहा हूं, जो मैंने कभी लिया यह *नेतृत्व।*

17 इसे, इसे स्मरण रखें कि हम में से प्रत्येक युवा और बूढ़ा आपका पहला कदम जो आपने अपने जीवन में उठाया, किसी ने आपकी अगुवाई किया। यह ठीक बात है। आपका अंतिम कदम जो आप लेंगे कोई अगुवाई कर रहा होगा। किसी को अगुवाई करनी है।

18 परमेश्वर हमें भेड़ के समान पसंद करता है। और यदि कोई भी जो जानता है, भेड़ों को पालने के बारे में, और उनके स्वभाव के विषय में, क्योंकि आप जानते है भेड़ अपना मार्ग नही ढूंढ सकती, उसे नेतृत्व की आवश्यकता है। यहां तक कि कसाई खाने में हम देखते है कि वे भेड़ को वहां लाते है, और काटने के लिए उसकी अगुवाई बकरी के द्वारा की जाती है। एक बकरी उन्हें वहां लाती है, और जब वे वहां पहुंचते है, तो बकरी कूद जाती है और भेड़ सीधी कटने के लिए बढ़ जाती है। इसलिए वे... हम पाते हैं कि भेड़ अपना मार्ग नही ढूंढ पाती।

19 मुझे एक अनुभव स्मरण है, जो मुझे एक बार हुआ मैं इन्डियाना में शिकार का देखरेख करने वाला था, और मैं बाहर कार्य क्षेत्र में था; और

मैंने बहुत ही दर्द भरी चिल्लाहट सुनी। और यह छोटा मेम्ना था जो अपनी मां को खो चुका था। और वह अपनी मां तक पहुंचने का मार्ग नही ढूंढ़ पा रहा था और उसके बच्चे तक मार्ग नही ढूंढ़ पा रही थी। मैंने उस छोटे बच्चे को उठाया और मेरे पास वह बिल्कुल शांत गया था। मेरे हाथों में वह छोटा बच्चा था और चिल्ला रहा था और मैंने उसे सुना कि कैसे वह अपना छोटा सिर मुझ से सटा कर हिला रहा था और ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कि वह जानता था कि मैं—मैं—मैं उसकी सहायता कर रहा हूं।

20 मैंने सोचा, "ओह युगों की चट्टान, मेरे लिए दरार, मुझे प्रभु यीशु के हाथों में उठा ले, वैसे ही यत्नशील जितना मैं जानता हूं, मैं अपने प्रिय जनों के पास घर को जा रहा हूं।" मैंने सोचा, "अपने जीवन के यात्रा के अंत में प्रभु मुझे भी इसी प्रकार अपनी बाहों में ले लेना। क्योंकि मैं जानता हूं मैं नदी के पार ले जाया जाऊंगा, वहां उस पार जहां दुख और बीमारी और आदि–आदि कुछ नही होगा, मैं जिन्हें प्रेम करता हूं, उनके संग होऊंगा।"

21 और यदि आप प्रकृति का अध्यन करे तो प्रकृति में महान चीज है हर चीज जो मैं देखता हूं और परमेश्वर ने उसे बनाया है वह प्रकृति का रचने वाला है प्राकृति निरंतरता में चलती है सारी प्रकृति ऐसे ही चलती है। आप हर चीज पर ध्यान दें... जैसे कि मैंने कहा है बीती सांझ "वह प्रकृति परमेश्वर की गवाही देती है।" यदि आपके पास कभी बाईबल नही रही, फिर भी आप प्रकृति को देख सकते है, और जानते है कि यह बाईबल सत्य है।

22 मुझे—मुझे सौभाग्य मिला कि मैंने संसार का भ्रमण किया और मैंने विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान दिया, और मैंने भिन्न–भिन्न धर्म देखे; मुसलमान और मैंने कुरान पढ़ी है, और—और सरदारों को देखा है, जैन और मुसलमान और बुद्ध के मानने वाले और क्या नही। परंतु फिर भी उन में से प्रत्येक की, उनकी एक शिक्षा है मतसार कि एक पुस्तक और नियमों की पुस्तक और आदि–आदि। परंतु हमारी बाईबल सत्य है और हमारा परमेश्वर ही केवल एक है जो सही है; क्योंकि उनमें से प्रत्येक का संकेत कब्र की ओर है, कहीं जहां उनका संस्थापक रखा है परंतु मसीहत खुली कब्र की ओर संकेत करती है और उसकी उपस्थिति में रह सकते है वह जो वह रखा

गया था। वह जीवित है! यह वह परमेश्वर नही जो *था,* यह वह परमेश्वर है जो *है*। ना कि *"मैं था"* या *"मैं होऊंगा,"* परंतु "मैं हूं।"

23 और सारी प्रकृति निरंतरता में चलती है, जैसे मैंने अपनी कलीसियायी कालों पर बात करते हुए कहा (जिसकी पुस्तक अब हमारे पास है, जो आ रही है) मैंने क्यों कहा... कलीसियायी कालो पर अपने लेखों में। और कैसे हम कलीसिया को देखते है, यह कैसे परिवर्तन हुई, ठीक वैसे ही आयी जैसे सारी प्रकृति करती है।

24 उस दिन हम बातें कर रहे थे कि कैसे सूर्य प्रात: उदय होता है, यह एक छोटा बालक है, कमजोर, इसमें बिलकुल भी अधिक बल नही और जैसे दिन बढ़ता है यह मजबूत होता जाता है, मजबूत। आठ बजे के लगभग, यह विद्यालय में जाता है, जैसे एक युवा लड़का या युवती। और फिर लगभग ग्यारह बजे यह विद्यालय से बाहर और यह अपनी सेवा के लिए तैयार है। और फिर तीन बजे तक बदलता है, अधेड़ बूढी आयू में और दोपहर बाद यह मरता है। क्या यह सूर्य का अंत है? नही। यह फिर अगली प्रांत आता है यह गवाही देने को कि जीवन, मरण, गाडा जाना और पुनरुत्थान है। समझे? समझे?

25 हम पेड़ों को देखते है, वे कैसे बढ़ते और वे क्या करते है कुछ समय में पहले मैं कैंटकी में था, मैं गिलहरी का शिकार करना पसंद करता हूं। और मैं वर्ष के अंत में वहाँ अपने मित्रों के साथ गिलहरी के शिकार पर जाता हूं। और यह... बहुत सुख गया।

26 और कभी किसी ने सलेटी गिलहरी का शिकार किया है, जानते है कि कितना कठिन है, उन्हें चिन्हीत करना। जब पक्षियों बस एक ले और ओह, होदिनी एक अनाड़ी भगा देने वाला कलाकार उनके लिए, वे कैसे जा सकते है! और फिर पचास गंज से बिल्कुल बिंदु पर गोली दागने का यत्न करना, इस से कुछ अच्छा शिकार होता है कि अपने दिन की सीमा को पाये।

27 श्रीमान वूड मेरे एक मित्र, जो यहोवा विटनेस से मतपरिवर्तन मेरे साथ थे। और हम... उसने कहा, "मैं जानता हूं यहाँ एक फार्म है, वहां एक व्यक्ति जिसके पास बहुत ही... " हम वहां उन्हें "शोर करने वाला" कहते है।

28 कितने जानते है कि *होलर* क्या होता है? आप केंटकी के कौन से भाग से है, जो भी है? समझे? और यही यहां से मैं हूं।

29 जैसे यहाँ एक अध्याय में, अधिक समय नही हुआ मुझे यह भाई विलियम को बताना था और उन भाइयों को। उन्होंने कहा, "अब हम खड़े होंगे और राष्ट्रीय गान गायेंगे—राष्ट्रीय गान।"

30 और मैंने कहा, "*मेरा अपना पुराना कैंटकी घर।*" किसी ने मेरा साथ नही दिया... यह राष्ट्रगान था जो मैं जानता था। और इसलिए हम थे... हम अब थे...

31 ठीक है, श्रीमान। [भाई ब्रन्हम को कुछ लिखा हुआ दिया जाता है—सम्पा।]: "कृपया एक प्रार्थना करें, क्योंकि यहाँ एक महिला है, जिसकी नाक से खून आ रहा है।"

हम प्रार्थना करें:

32 प्रिय परमेश्वर, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं, कि तू महान चंगा करने वाला है और मैं आप से मांगता हूं कि आपका अनुग्रह और इस महिला को अभी छू ले और लहू को रोक दे। एक विश्वासी लोगों के समान जो यहां एक साथ हुए है, यह महिला यहाँ प्रभु के वचन का आनंद लेने यहाँ आयी है और लोगों के साथ संगति करने को, प्रभु, मैं आप से मांगता हूं, इसी समय की शत्रु को झिडके और लहू को रोक दे यीशु मसीह के नाम। आमीन। (और हम इसका विश्वास करते है, हम इसका विश्वास करते है।)

33 इस छोटी सी कथा पर, एक प्रकार की भावना, इसके पहले हमने कुछ टिप्पणिया लिखी हुई है जिन्हे यहां लिखा हुआ है, और कुछ पवित्र लेख।

34 अब उसने कहा, "भाई, यह बूढ़ा व्यक्ति हम वहां जायेगे और उसे देखते है उसके स्थान पर बहुत ही शोर है," उसने कहा, "परंतु वह एक नास्तिक है।" उसने कहा, "यदि... वह हमें बस श्रापित करता यदि हम वहां जाते।"

35 मैंने कहा, "परंतु हमें यहाँ कोई गिलहरी नही मिल रही है। हम दो सप्ताह से डेरा डाले है।" और हम गंदे थे और सारे चेहरे पर दाढ़ी थी।

36 और उसने कहा, "अच्छा? "

मैंने कहा, "हम चले।"

37 इसलिए हम कुछ मील नीचे गये, लगभग बीस मील। मैं वहां उस गांव में एक बार पहले भी गया था, तीन रातों के लिए, मैथोडिस्ट कैंप के मैदान में, जहां प्रभु ने कुछ महान चीजें की थी और मैथोडिस्ट के लोगों के मध्य

में, महान चंगाई सभा। और फिर हम वापस किसी पहाड़ पर वापस गए और वहां आनंद किया, इसे जानने के लिए आपको केंटकी को जानना पड़ेगा, आपको किस प्रकार के स्थान में जाना है। और जब हम वापस गये, वहां हम एक घर में और वहां एक बूढ़ा व्यक्ति बैठा था, दो बूढ़े व्यक्ति, वहां अपनी पुरानी टोपियो के साथ जिसे उन्होंने अपने मुंह पर झुका रखा था, और—और उसने कहा, "यह है," उसने कहा, "यह बहुत कठोर है," कहा, "उसे 'प्रचारक' की इस बात से घृणा है," उसने कहा।

38 इसलिए मैंने कहा, "भाई, अच्छा है मैं कार में बैठा हूं या फिर हम शिकार पर बिल्कुल नही जायेंगे।" मैंने कहा, "आप जाओ और उनसे पूछो कि हम शिकार कर सकते है।"

39 इसलिए वह बाहर निकला और चलकर उनके पास गया और उन से कहा और आप जानते है केंटकी में सदा यह है "अंदर आईए," और आदि–आदि। और इसलिए वह वहां गया और उसने कहा, "मैं जरा जानना चाहता हूं, यदि हम आपके स्थान में कुछ समय के लिए शिकार कर ले।"

40 और वह बूढ़ा जो लगभग 75 वर्ष का वहां बैठा था, उसके मुंह से तम्बाकू निकल रहा था, उसने कहा... थूका और वह बोला, "आपका क्या नाम है?"

उसने कहा, "मेरा नाम वुड है।"

उसने कहा, "क्या तुम उस बूढ़े जिम के रिश्तेदार हो जो रहा करता था..."

उसने कहा, "हां, मैं जिम का लड़का हूं।" कहा "मैं बैंकस हूँ, हाँ।"

41 "ठीक है," उसने कहा, "वह बूढ़ा व्यक्ति जिम ईमानदार मनुष्य था।" कहा, "बिल्कुल अपनी सहायता स्वयं कर लो।" उसने कहा, "क्या तुम स्वयं ही हो?"

उसने कहा, "नही, मेरा पास्टर भी है।"

उसने कहा, "क्या?"

उसने कहा, "मेरा पास्टर वहां कार में है," बोला, "वह मेरे साथ शिकार खेल रहा है।"

42 उसने कहा, "वुड, तुम्हारा क्या अर्थ है कि तुम इतने गिर गए हो कि जहां कहीं जाओ तो अपने पास्टर को साथ लिए फिरो?"

43 इसलिए वह कठोर पुराना चरित्र इसलिए मैंने सोचा कि अच्छा हो कि मैं कार से बाहर आ जाऊं आप जानते हैं। इसलिए मैं बाहर निकला और टहलने लगा, और उसने कहा, “अच्छा और तुम प्रचारक हो, ओह? ”

44 मैंने कहा, “जी हां, श्रीमान।” उसने मुझे ऊपर से नीचे देखा गिलहरी का लहू, और धूल। उसने कहा... कहा मैंने कहा, “कुछ ऐसा नही दिखाई पड़ता।”

45 उसने कहा, “भई,” उसने कहा, “मैं भी ऐसा ही हूं।” उसने कहा, “आप जानते हो, मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं।” उसने कहा, “मैं एक नास्तिक हुआ करता था!”

46 मैंने कहा “जी हां श्रीमान, मैं यह समझ गया।” मैंने कहा, “मैं नही सोचता कि इस विषय में डींग मारे। क्या आप? ”

47 और उसने कहा, “भई,” उसने कहा, “मैं नही जानता।” उसने कहा, “मैं आपको बताने जा रहा हूं कि मैं आप लोगों के विषय में क्या सोचता हूं।”

मैंने कहा, “ठीक है।”

48 उसने कहा, “आप गलत पेड़ पर भौंक रहे है।” और कितने यह जानते है कि इसका क्या अर्थ है? समझे? इसका यह अर्थ है, यह झूठा कुत्ता है, आपने देखा; वहां नीग्रो नही है। उसने कहा, “आप गलत पेड़ पर भौंक रहे है।”

मैंने कहा, “यह दृष्टिकोण है।”

49 और उसने कहा, “भई,” उसने कहा, “देखिए, आप देख रहे है, वहां पुरानी चिमनी खड़ी है? ”

“हां।”

50 “मैं वहां पचतर वर्ष पहले जन्मा था।” और कहा, “मैं वहां पहाड़ों में इन वर्षों में रहा।” और कहा, “मैंने आकाश की ओर देखा, मैंने इधर और उधर देखा, और निश्चय ही इन सारे पचतर वर्षों में, मैंने कुछ देखा होगा जो परमेश्वर के समान है। क्या आप ऐसा नही सोचते? ”

51 मैंने कहा, “भई, यह निर्भर करता है कि आप क्या देख रहे है, देखिए, आप क्या देख रहे है।”

52 और उसने कहा, “भई,” उसने कहा, “मैं—मैं निश्चित तौर पर विश्वास करता हूं कि ऐसा कोई प्राणी है। और मैं विश्वास करता हूं कि

आप लोग बस जाते है और लोगों से उनका पैसा ठगते हैं, और आदि–आदि। और इसी प्रकार से यह चलता रहता है।”

53 मैंने कहा, “कि तुम एक अमेरिकन नागरिक हो, आपको अधिकार है कि आप अपने—अपने विचार रखें।”

54 उसने कहा, “एक बार एक आदमी था जिसके विषय में मैंने सुना,” उसने कहा, “उसके लिए मैं निश्चित हूं… यदि वह… यदि मुझे उसने कभी बात करने को मिले,” कहा कि “मैं उससे कुछ प्रश्न करना चाहूंगा।”

मैंने कहा, “जी हां, श्रीमान।”

55 उसने कहा, “वह एक प्रचारक था, आप शायद उसे जानते हो,” कहा, “उसकी यहाँ कैपबेल्सविले में सभा थी, अधिक समय नही हुआ वह आराधनालय के वहां उस मैदान में।” और उसने कहा, “मैं उसका नाम भूल गया।” कहा, “वह इन्डियाना से था।”

और—और मैंने कहा, “ओह? जी हाँ।”

56 और भाई वुड ने कहना आरंभ किया, “भई, मैं… ” (“यह ना कहो।”) और इसलिए उसने कहा…

मैंने कहा, “क्या है उसके विषय में?”

57 उसने कहा, “तो ठीक है,” उसने कहा, “बूढ़ी महिला… ” (कोई) “वहां जो पहाड़ पर है… ” कहा, “आप जानते है, वह कैंसर से मर रही थी।” और कहा, “एक प्रात: मैं और पत्नी वहां गए थे कि—कि उसका बिस्तर बदले।” कहा, “वे उसे इतना भी नही उठा सकते थे कि शौच का बर्तन उसके नीचे रख दे,” कहा, “उससे उसके नीचे से चादर खींचनी थी।” और कहा, “वह मर रही थी। वह लुईसविले में थी, और कहा कि डॉक्टरों ने उसे छोड़ दिया था और कहा कि ‘वह मरने जा रही थी।’”

58 “और उसकी बहन सभा में गई और कहा, ‘वह प्रचारक उस मंच पर खड़ा हुआ था, पीछे श्रोतागणों को देखा और इस महिला का नाम ले कर बुलाया और उसे बताया, “जब वह चली उसने रुमाल लिया और अपने पर्स में रखा।” और यहाँ इस महिला का नाम लिया यहां से बीस मील नीचे और कहा वह कैसे कैंसर से पीड़ित है उसके नाम के साथ, और वह किस में से निकली कहा, “वह रूमाल लो और जा कर उस महिला पर रख दो,” और कहा कि, “वह महिला अपने कैंसर से चंगी हो जायेगी।”’”

59 और कहा, “वे उस रात्रि आए,” कहा, “ईमानदारी से, मैंने एक भयानक चिल्लाहट सुनी वहां पर, मैंने सोचा उन्होंने साल्वेशन आर्मी को वहां पहाड़ पर छोड़ दिया। कहा, ‘भई,’ मैंने कहा, ‘मैंने अनुमान लगाया कि वह बूढ़ी महिला पर मर गई,’ कहा, ‘हम कल जायेंगे और गाड़ी लायेंगे और कैसे हम उसे मुख्य मार्ग पर लाये,’ और कहा, ‘ताकि वे इसे एक जिम्मेदार के पास ले जायेंगे,’ और कहा कि... हमने प्रतिक्षा की। रात के उस समय जाने की आवश्यकता नही थी।” कहा, “यह पहाड़ पर मील भर ऊपर था।” बोला, “हम अगली सुबह वहां ऊपर गए और जानते है क्या हुआ?”

मैंने कहा, “नही, श्रीमान।”

60 उसने कहा, “वह वहां बैठी हुई सेब की तली हुई जेली खा रही थी और कोफी पी रही थी, अपने पति के साथ।”

मैंने कहा, “आपका यही अर्थ है?”

उसने कहा, “जी हां, श्रीमान।”

“ओह!” मैंने कहा, “अब, श्रीमान, आपका अर्थ बिल्कुल नही है।”

61 उसने कहा, “मुझे जो परेशान कर रहा है... उस मनुष्य ने कैसे किया और इस गांव में कभी नही था, मैं जानता हूं।” समझे?

और मैंने कहा “ओह, आप यह विश्वास नही करते।”

उसने कहा, “यह सत्य है।”

मैंने कहा, “क्या आप इसका विश्वास करते है?” समझे?

62 उसने—उसने कहा, “भई, सीधे ऊपर पहाड़ पर जाओ, मैं यह आपको सिध्द कर दूंगा।” अब वह उल्टा मुझे प्रचार कर रहा था, आप समझे।

63 इसलिए मैंने—मैंने कहा, “हां।” मैंने एक सेब उठाया, और—और कहा, “क्या मैं इसमें से एक सेब खा सकता हूं?” और मैंने इसे अपने कपड़ों पर रगड़ा।

64 उसने कहा, “पीले कीड़े इन्हें खा रहे है, मैं समझता हूं कि आप एक खा सकते है।” और... फिर और अब मैंने कहा, “ठीक है...” मैंने—मैंने उसमें मुंह... मारा और मैंने कहा, “यह अच्छा सेब है।”

65 उसने कहा, “ओह, हां।” बोला, “आप जानते है क्या? मैंने इस पेड़ को चालीस वर्षों पहले लगाया था, या कुछ ऐसे ही।”

मैंने कहा, “ओह, क्या यह ठीक है? ”

“हां, श्रीमान।”

66 और मैंने कहा, “ठीक है, और हर वर्ष... ” मैंने कहा, “मैंने ध्यान दिया अभी तक पाला नही पड़ा, यह अगस्त का आरंभ था।” और मैंने कहा, “पत्तियां पेड़ों पर से गिर रही है।”

67 “जी हां श्रीमान। यह ठीक है, यह बर्फ पर आ रही है। विश्वास करते है इस बार हमें जल्दी मिलेगी।”

68 मैंने कहा, “जी हां श्रीमान।” विषय को बदला और उसने कहा... मैंने कहा, “भई आप जानते है, यह विचित्र है,” मैंने कहा, “कि कैसे वह जीवरस पेड़ से चला जाता है,” मैंने कहा, “और यह पत्तियाँ गिर रही है, और फिर भी वह कुछ नही... अभी पाला नही पड़ा है कि पत्तियां मर जाए।”

69 और उसने कहा, “भई,” उसने कहा, “इस से क्या होना है, जिस विषय में हम बातें कर रहे है? ”

70 और मैंने कहा, “ठीक है, मै—मुझे कुछ आश्चर्य हुआ।” (आप जानते है मामा सदा कहा करती थी, “गाय को लंबी रस्सी दे दो, वह स्वयं को खुद उलझा लेंगी, आप जानते है।” इसलिए मैंने उसे बहुत ढील दे दी।)

71 इसलिए वह आगे बढ़ा और उसने कहा, “भई, ठीक है इससे क्या करना है? ”

72 मैंने कहा, “आप जानते है, परमेश्वर इन सेबों को उगाता है, और आप इन सेबों को और पंक्तियों में आनंद लेते है, और आप इनकी छाया में बैठते और आदि–आदि। यह वर्ष के अंत में नीचे चला जाता है, और,” मैंने कहा, “यह फिर से सेबों के साथ वापस लाता है और फिर से पत्तियों के साथ।”

73 और उसने कहा, “यह तो प्रकृति है, देखिए, यह तो प्रकृति है।”

74 मैंने कहा, “अच्छा ठीक, निसंदेह यह प्रकृति है।” मैंने कहा, “यह प्रकृति है, परंतु किसी को इस प्रकृति को नियंत्रित करना है।” देखिए, मैं... उसने कहा... “अब आप मुझे बताएं ये क्या करता है? ”

75 और उसने कहा, “भई, यह बस——बस प्राकृतिक प्रकृति है।”

76 मैंने कहा, “यह कौन है, जो कहता है उस छोटी पट्टी से, और वह... ? ” मैंने कहा, “अब, कारण यह कि वह पत्ती गिर गई, क्योंकि जीव रस नीचे जड़ में चला जाता है। और क्या यदि वह जीव रस उस पेड़ में सारे जाडे पर वहीं टिका रहता है? क्या घटित होगा? ”

77 कहा, “यह पेड़ को मार डालेगा।”

78 “अच्छा, ” मैंने कहा, “वह कौन सी बुरी बुद्धि है जो जीव रस को नीचे जड़ों में ले जाता है, कहता है, ‘यहाँ से चलो यह वर्ष का अंत आ रहा है और जड़ में जा कर छिप जाओ’? और जड़ में कब्र के समान टिके रहो; और फिर अगली वसंत आएगी, फिर वापस आ जाओ और अधिक सेब ले आओ और अधिक पत्तियांले आओ और आदि–आदि।”

79 उसने कहा, “यह बस प्रकृति है, यह इसे करेगी।” कहा, “मौसम! आप जानते हैं, एक बदलाव, अंत में आता है।”

80 मैंने कहा, “वहां बाहर खंबे पर पानी की बाल्टी रख दो, और देखे कि प्रकृति इसे खंबे की जड़ में ले जाए और इसे फिर वापस ले आए। समझे? ” समझे?

“भई, ” उसने कहा, “आपके पास कुछ हो सकता है।”

मैंने कहा, “इस पर सोचे जब हम शिकार करते है।”

और उसने कहा, “अच्छा,” और उसने कहा, “जहाँ चाहो शिकार करो।”

81 और मैंने कहा, “जब मैं वापस आता हूं आप मुझे बताओंगे, कौन सी बुद्धि उस जीव रस को नीचे जड़ में ले जाती है, और सारे जाड़े टिकाए रखती है, और अगले जाड़े में वापस लाती है, मैं आपको बताऊंगा यह वही बुद्धि है, जिसने मुझे उस महिला के विषय में बताया जो वहां थी।”

बोला, “आपको बताया? ”

मैंने कहा, “जी हां, श्रीमान।”

उसने कहा, “क्या तुम वही प्रचारक नही हो!”

मैंने कहा, “क्या तुम उसका नाम जानोगे? ”

बोला, “हां।”

मैंने कहा, “ब्रन्हम? ”

उसने कहा, “यही है वह।”

मैंने कहा, “यह—यह ठीक है।” समझे?

82 और आप जानते है क्या? मैंने मसीह तक उस बूढ़े व्यक्ति की अगुवाई की, ठीक उसकी अपनी ही गवाही पर।

83 और एक वर्ष के बाद मैं वही पर था कार ले गया (उस पर इंडियाना का लाईसेंस था) मैदान में वे चले गए थे, वह मर गया था और इसलिए जब मैं वापस आया, वहां उसकी पत्नी खड़ी थी उसने मुझे जोर से हिलाया मैंने सोचा मुझे शिकार की अनुमति लेनी चाहिए थी। और वह वहां बाहर आयी, उसने कहा, “क्या आप पढ़ नही सकते? ”

84 मैंने कहा, “हां, माता जी।”

उसने कहा क्या तुम वह चिन्ह देख रहे हो जो कहते है, ‘शिकार नही करना!’ ”

85 मैंने कहा, “जी हाँ माता जी, परंतु, ” मैंने कहा, “मेरे पास अनुमति है।”

86 उसने कहा, “तुम्हारे पास अनुमति नही है!” और कहा, “हमें यह स्थान मिला है, बहुत वर्षों से रखा है।”

87 मैंने कहा, “बहन, तो मैं गलत था, मुझे खेद है।”

88 और कहा “खेद कुछ नही! वे इंडियाना के लाईसेंस वहां है और रखा है, आप लोग निभिर्क लोग है!”

मैंने कहा, “क्या मैं यह खुलासा कर सकता हूं? ” मैंने कहा...

उसने कहा “किसने तुम्हें अनुमति दी? ”

89 मैंने कहा, “मैं नही जानता, बस... ” मैंने कहा, “वह एक बूढ़ा व्यक्ति था, वहां बरामदे में बैठा था, जो मैं यहां बीते वर्ष आया, और हम परमेश्वर के विषय में बातें कर रहे थे।” समझे?

और उसने देखा बोली, “क्या आप भाई ब्रन्हम है? ”

और मैंने कहा, “हाँ मामा।”

90 उसने कहा, “मुझे क्षमा करें। मैं नही जानती थी कि आप कौन है।” उसने कहा, “मैं उसकी गवाही आपको बताना चाहती हूं, उसके मरने की अंतिम घड़ी वह उठा और अपने हाथ उठाये और परमेश्वर की महिमा

की।” कहा, “वह मसीही विश्वास में मरा, और परमेश्वर के पास पहुंचाया गया।” समझे?

91 “यदि वे शांत रहेंगे, तो तुरंत पत्थर चिल्ला उठेंगे।” प्रकृति में कुछ है।

92 चिड़ियो को देखो, पशुओं को देखो, हर चीज को देखो, और प्रकृति को देखो

93 छोटी पंडुकी को देखो वह कैसे उड़ती है। वह कितनी भिन्न चिड़िया है, देखिये। उसके अंदर पित्त नही है वह कोवे के समान नही खा सकते। समझे? उसके अंदर पित्त नही है, उसे पानी में स्नान नही करना पड़ता, क्योंकि उसके अंदर कुछ है; वह अंदर से बाहर को साफ करती है, आप देखते है।

94 मसीही इसी प्रकार का होता है। इसी प्रकार से परमेश्वर ने स्वयं को प्रस्तुत किया, एक पिंडुकी के अंदर। देखिए, क्योंकि... और... यीशु एक मेमने के समान प्रस्तुत किया गया। प्रकृति में सदा आप पायेंगे। और परमेश्वर ने हमें भेड़ से जोड़ा, जिसकी अगुवाई होनी है। क्या आपने कभी ध्यान दिया, मैंने कुछ समय पहले इस पर एक उपदेश दिया? कि पंडुकी मेमने पर उतरेगी उतरती है, ताकि मेमने की अगुवाई करें, और इसने मरने के लिए अगुवाई की, पंडुकी ने! अब यदि वह मेमना... वह पंडुकी किसी और प्रकार के पशु पर नही उतर सकता, क्योंकि दोनों का एक ही स्वभाव होना चाहिए। देखा? यदि पंडुकी एक भेडीये पर चमकेगी, और वह गुर्रायेगा या भडकेगा, पंडुकी उडान भर कर चली जायेगी।

95 अब, ठीक इसी प्रकार से और हमारे गंदे मार्ग, पवित्र आत्मा अपनी उड़ान ले लेता है और दूर चला जाता है। इसका वैसे ही स्वभाव होना है। स्वर्ग की चिड़िया, पंडुकी; पृथ्वी का सबसे नम्र जानवर मेमना वे एक साथ सहमत हो सकते है। और जब पवित्र आत्मा आता है, हमारे ऊपर और हमें नई सृष्टि बनाता है, तब वह हमारी अगुवाई कर सकता है। परंतु हम वही पुराना जीवन जीना चाहते है, यह कार्य नही करेगा, बस यह नही चलेगा।

96 अब, पहला कदम जो अपने संभवतः अपने जीवन में कभी उठाया हो नेतृत्व के लिए बोलते हुए, वह संभवतः *किसी* मां के हाथ हो सकते है वे हाथ आज रात्रि अब भी हो सकते है यहां या कहीं किसी कब्रिस्तान में परंतु वे हाथ थे, जिन्होंने मुझे मेरा पहला कदम उठाने में थामा।

97 इसके बाद आपकी मां ने आपको सिखाया कि कैसे चलते है, और आप कुछ कदम चले और गिर पड़े, और उठे, और आपने सोचा कि आप एक बहुत बड़ा कार्य कर रहे है तब उसने आपको *विद्यालय की शिक्षिका* को सौंप दिया। और फिर वह आपकी अगुवाई शिक्षा के लिए करने लगी; कि कैसे और क्या करना चाहिए, और कैसे आपको सिखना चाहिए, और आदि–आदि इस प्रकार से।

98 और फिर स्कूल की शिक्षिका के पश्चात तब आप वापस झुड़े आपके *पिता* ने आप को थाम लिया, संभवतः उसने आपको आपका व्यवहार सिखाया कि कैसे सफल व्यापारी बने कैसे चीजों को सही–सही करें। आपकी मां ने आपको सिखाया कि कैसे एक गृहणी बने, कैसे पकाये और आदि–आदि, इस प्रकार से।

99 तब इसके बाद जब वे आपके साथ हो सकते है, तब आपका *सेवक* या *याजक* आपको थाम लेता है।

100 परंतु *अब* कौन आपकी अगुवाई करता है? अब, प्रश्न यह है। अब, आज रात्रि हम सब किसी चीज के द्वारा अगुवाई में है, हमें होना ही है। हम अगुवाई में है। ध्यान दें!

101 अब हम इस नवयुवक को देखें, इस पर किसने प्रभाव डाला आईए हम देखें... हम इसे युवा व्यापारी कर सकते है, क्योंकि वह एक व्यापारी था। वह एक महान सफल व्यक्ति था। आईए उसके अगुओं को देखें।

102 संभवतः, जब एक छोटा लड़का था उसकी मां के द्वारा वह सिखाया गया, वह चीज है जो उसे करनी थी। उसके पिता ने उसे अच्छा सफल बनाया, और संभवतः है उसके लिए संम्पति भी छोडी हो, क्योंकि वह एक शासक था स्वयं में; संभवतः उसके पिता का देहांत हो गया होना, इसलिए वह एक व्यापारी था वह... चलिये हम आज उसे एक क्रिस्चियन बिजनेसमैन पुकारे; या, वह एक धार्मिक व्यापारी था मैं सोचता हूं, यह सही उल्लेख होगा।

103 यह पुरुष धर्मी था, यह किसी भी प्रकार से नास्तिक नही था। और यह अपनी मां के द्वारा शिक्षित किया गया था कि कैसे ठीक ठीक किया जाये, कैसे चला जाए, स्वयं में कैसे वस्त्र पहने जाए, उसे अपने पिता के द्वारा सिखाया गया होना, एक महान व्यापारी और कैसे सफल व्यक्ति बने और उसका व्यवहार सफल था। और पिता और माता का पालन

पोषण कलीसिया में हुआ होगा, और उसका दिशा निर्देशन याजक की ओर किया गया होगा। और याजक ने उसे वास्तविक धर्म बना दिया। इसलिए वह अच्छा सभ्य व्यक्ति था, वह एक अच्छे चरित्र के साथ वाला लड़का था।

104 यदि यीशु मसीह ने उसकी ओंर देखा और उसने प्रेम किया तो उस लड़के में कुछ विशेष था। ठीक है। क्योंकि बाईबल यहां कहती है हम मरकुस में यहाँ पाते है। “और यीशु ने उसकी ओर देखा, उस से प्रेम किया।” जी हां, “यीशु उसकी ओर देख रहा है और उस से प्रेम किया।” इसलिए उसमें कुछ वास्तविक लीक से हट कर उस युवक में था। वह... अच्छे चरित्र का था और अच्छे चरित्र का मूल्य निर्धारण है। यह वह व्यक्ति था जिसका पालन पोषण सही रीति से किया गया; बुद्धिमान, तेज, बुद्धि वाला, व्यापार में सफल, और धर्मी मनुष्य। उसमे अच्छे चरित्र थे जो कुछ विशेष थे इतने कि यीशु मसीह का ध्यान आकर्षित किया बचाने वाला। परन्तु जब वह इन दूसरी चीजों की सफलता के साथ आमने–सामने आया...

105 कुछ भी गलत ना हुआ था वह सिद्ध साफ मापा गया, बुद्धिमान, सही शिक्षा, उसकी सफलता वह होशियार था। एक अच्छा व्यापारी संभवतः व्यापारियों के झुंड में से वहीं कहीं फिलिस्तीन में हो सकता है। वह व्यापारियों के संगठन से हो, जैसा कि आज रात्रि हमारे यहां है, कोई संदेह नही वह रहा हो, क्योंकि व्यापारियों का सदा एक संगठन रहा है एक दूसरे के साथ, एक का दूसरे के साथ।

106 क्योंकि जैसे “एक से पंखों की चिड़ियाये,” उनके पास बात करने के लिए विशेष है। और यदि यह... धर्मी व्यक्ति। यह उस व्यक्ति के विषय में बात ना करना चाहते हो, जो मधुशाला आदि चलाता हो... वे एक साथ हो, क्योंकि उनके मध्य में कुछ भी सार्वजनिक सामान्य सा नही हमारे पास एक सार्वजनिक कुछ होना चाहिए। इसलिए मसीहो के पास एक सामान्य दूसरे मसीह के साथ होता है; पापियों के बीच दूसरे के साथ सामान्य होता है; और समाज, और जो भी वे है, उनकी बातें सामान्य होती है। और संभवतः यह युवा व्यक्ति एक व्यापारियों के झुंड से जुड़ा हो।

107 और वह उतना ही धार्मिक था जितना हो सकता था, क्योंकि यीशु यहाँ प्रश्न करते हुए, उसने कहा, “मैंने इन आज्ञाओं का पालन किया है, मैं इन्हें अपने लड़कपन से मानता आया हूं।” यह ठीक बात है।

108 देखिए, उसका पालन–पोषण सही हुआ, सही सिखाया गया और आदि–आदि। परंतु जब उसका आमना–सामना अनंत जीवन के विचार से हुआ... अब मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें, इस चरित्र का साया जो उसका था, वह अब भी जानता था कि उसके पास अनंत जीवन नही है।

109 अब, हमारे सारे समाज, हमारी कलीसिया, हमारी सदस्यता और चीजें जो हम पकड़े हुए हैं, हमें बहुत प्रिय है, हमारे अमेरिकन समाज और आदि–आदि बहुत अच्छे है, उनके विरोध में कुछ नही है। और यहां हमारा मसीही व्यापार संगठन एक महान चीज है, यह मेरे लिए एक खुला द्वार है, मेरे अन्तर नामधारी विचारों में कि "हम एक मसीही है।"

110 कोई भी एक नही (कोई एक नामधारी नही) जो हमारा दावा करें कि एक वास्तविक मसीह क्योंकि आप परमेश्वर से संबंधित है। नामधारी मनुष्य निर्मित है और मसीही स्वर्ग से भेजे हुए है। परंतु इन सब बातों में जो हमारे पास है जितने अच्छे वे है जितनी अच्छी प्रकार से हम एक साथ हो सकते है, और अच्छी सभाये जितनी हमारी हो सकती है, और सामाजिक समझदारी जो हमारी है, फिर भी हममें से प्रत्येक का *आनंत जीवन* से आमना–सामना है। और कोई मतलब नही, हम अपने व्यवहार में कितने सफल है, हम कितने सफल रहे और हम कितनी बड़ी कलीसिया के सदस्य है, और हम कैसे काम करते और कैसे सही कार्य करने का यत्न करते है, फिर भी यदि वह सही रीति से नही किए गए, तो परमेश्वर की आराधना व्यर्थ है।

111 यीशु इसी प्रकार श्रेणी बद्ध करता था जैसे कि मैं यहां एक श्रण के लिए रुकता हूं। उसने कहा, "तुम व्यर्थ मेरी उपासना करते हो, मनुष्य के अध्यायों को धर्म शिक्षा में सिखाते हो।" आप सोचिए! एक निष्कपट ईमानदारी की आराधना (अपने ह्दय की निष्कपटता के साथ) परमेश्वर के लिए और फिर भी व्यर्थ! यह कैन के साथ आरंभ हुई अदन की वाटिका में निष्कपट आराधना, परंतु अस्वीकार की गई बहुत धार्मिक, फिर भी अस्वीकार्य!

112 पिछले सप्ताह शेरवेपोर्ट में पिछले से पिछले सप्ताह व्यापारी लोगों कि सभा में नाश्ते पर जहां कहीं सौ लोग इकट्ठा थे बोलने को ढाई घंटा लिया: *परमेश्वर की सेवा बगैर उसकी मर्जी के करना* इस पर। अब यह विचित्र सुन पड़ता है, परंतु हमारे पास हमारी परमेश्वर वाली प्रणाली है और परमेश्वर

का मार्ग इसे करने को कोई मतलब नही हम कितना सोचते है कि ठीक है, इसे प्रभु के वचन के अनुसार होना है या फिर यह बेकार है। कैन ने आराधना की, परंतु यह प्रभु के वचन के अनुसार नही थी। और फरीसियो ने आराधना की, परंतु प्रभु के वचन के अनुसार नही। और इस विशेष संदेश में जो व्यपारी मनुष्यों के लिए है, मैंने यह सिखाया।

113 दाऊद, वह प्रभु की सेवा करना चाहता था और जो उसने कहा वह उसमें सही था। उसने कहा, “क्या यह सही है कि प्रभु का संदूक वहां रहे? हम इसे यहाँ ले आये।” राजा के दिनों में दूसरा राजा जिसके बाद वह आया। उसने कहा, “यह ठीक नही, उन्होंने संदूक से होते हुए कभी परमेश्वर से सलाह नही ली, परंतु हमें यह करना चाहिए।” अब, यह सही है उन्हें क्या करना चाहिए। उसने कहा, “हमे जाकर संदूक लाना चाहिए। और हम प्रभु से सलाह ले सकते है।” और यह ठीक है यह दूसरे देश में था। कहा, “हमें उसे यहाँ लाना चाहिए, यहाँ लाकर यहाँ अपने घर में रखना चाहिए, और प्रभु की आराधना करें।”

114 अब ध्यान दे इसे करने के लिए वे गलत प्रणाली में गए। उसने शतपतियो सहस्रपतियो से परामर्श किया। उनमें से प्रत्येक से परामर्श किया गया। इसे परमेश्वर की इच्छा के अनुसार देखा, ऐसा प्रतीत हुआ कि यह प्रभु का वचन था।

115 प्रभु का वचन, आपको इसे सही स्थान में रखना चाहिए या फिर यह प्रभु का वचन नही है। समझे? अब यह गहराई में पढ़ना चाहिए और आप एक साधारण विचार पाएंगे कि मैं क्या कहना चाह रहा हूं।

116 मैं नही चाहता हूं कि कलीसिया उन पद चिन्हों पर चले जो आप वहां इंग्लैंड में पाते है: लंबे बाल, और रंगे हुए चेहरे, और दूषित। हम वह नही चाहते! कोई मतलब नही यह कितना धार्मिक प्रतीत होता है, और ऐलविस प्रेसले कितने धार्मिक गीत गाता है, वह अब भी शैतान है। मैं कोई न्यायी नही, परंतु “उनके फलों से तुम उन्हें पहचान लोगे।” समझे? वह पेंटीकोस्टल है, परंतु उसमें तनिक भी अंतर नही। आपके फल बताते है कि आप क्या है।

117 कोई मतलब नही कि आत्मा उस पर आता है, वह भाषाओं में बोल सकता है वह चिल्ला सकता है वह बीमारों को चंगा कर सकता है और यीशु ने कहा, “उनमें से बहुतेरे उस दिन मेरे पास आयेंगे और कहते है,

'क्या प्रभु हमने *यह* नही किया *वह* नही किया?' और मैं कह दूंगा, 'मुझ से दूर हो जाओ तुम अधर्म के काम करने वालों, मैंने तुम्हें कभी नही जाना।'" समझे?

118 हमें वास्तविक मूल मसीही होना है, और केवल एक ही मार्ग है कि हम यह कर सकते है कि इसे "अनंत जीवन" के प्रश्न के साथ सामने लाए।

119 अनंत जीवन केवल एक ही है और वह परमेश्वर से आता है। और उसने हर प्राणी को ठहराया है कि वह कभी इसे पाएगा। जैसे कि आप अपने पिता में जीवांश थे, आप परमेश्वर में एक जीवांश थे; आरंभ से उसका एक गुण या आप वहां कभी नही होंगे। आप अपनी मां के गर्भाशय में आये; आपके पिता आपको नही जानते थे, आप उसकी देह में थे। और जब आप अपनी मां के गर्भ के गर्भशय में आये तब आप मनुष्य बन गए और अपने पिता की छवि पर आ गए, अब आप अपने पिता की संगति में आ गए। और यही बात परमेश्वर के द्वारा, यदि आपके पास अनंत जीवन है।

120 वह जीवन जिसमें आप आए, स्वाभाविक जीवन, भौतिक जीवन, जो आपके पिता के द्वारा है और केवल एक ही मार्ग है कि आप आ सकते है और नया जन्म ले सकते है, एक ही मार्ग है, यह आपके स्वर्गीय पिता से है, उसके गुण। "सब जो पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आयेंगे।" समझे?

121 आप यहां है क्योंकि आपका नाम मेमने के जीवन कि पुस्तक में संसार के रचने के पहले था। यह बिल्कुल ठीक है। आप एक जीवांश है, आत्मिक जीवांश अपने स्वर्गीय पिता से, परमेश्वर के वचन का भाग। ये ऐसा ही है, जैसा मैंने कहा, तब आप यीशु में थे जब वह यहां पर था, क्योंकि *वह* वचन था आपने उसके साथ दु:ख उठाया, उसके साथ मरे, उसके संग गाडे गए और उसके संग जी उठे और अब उस *में* स्वर्गीय स्थानों में बैठे है!

122 ध्यान दें, दाऊद ने सोचा सब कुछ बहुत अच्छा है, और उसने इन सब लोगों से परामर्श किया, और उनमें से सब नाचने और चिल्लाने और शोर करने लगे। और उनके सारे धार्मिक कार्य कलाप वहां थे। परंतु फिर भी यह परमेश्वर की इच्छा नही थी कि जाकर परमेश्वर के घर में लाए। परंतु, आप देखते है परमेश्वर (सदा युगो में) एक ही तरीके से कार्य करता है, उसका पहला निर्णय ही उसका निर्णय होता है, क्योंकि वह अपने निर्णयों में

सिद्ध होता है। वह कभी कुछ नही करता सिवाये कि वह पहले अपने दासो भविष्यवक्ताओं पर प्रकट ना कर दे। यह बिल्कुल सही है।

123 इसी कारण यह, यह कलीसिया काल जिसमे हम रह रहें है, कोई कलीसिया नही, मैंथोडिस्ट नही, बैप्टिस्ट, पेंटीकोस्टल या कुछ भी इस कलीसिया को कभी दुल्हन में डाल सकता। इसे मलाकी 4 का ही उत्तर होना होगा, क्योंकि परमेश्वर ने भविष्यवक्ता को प्रकट करने को भेजा है, क्योंकि केवल यही मार्ग है। हमारी कलीसियाओ ने नाम रख लिए और चीजों को गड़बड़ कर दिया, जैसे कि वे सदा से थे, और परमेश्वर सदा भविष्यवक्ताओं को भेजता है।

124 और वहां नातान उस राज्य में था, परमेश्वर के सम्मुख प्रमाणित भविष्यवक्ता, और उससे पूछा तक नही गया था।

125 और वे वहां गए और ईमानदार मनुष्य के जीवन का कारण हुए और आदि–आदि और संदूक लिया। बजाये इसके कि लेवियों के कंधों पर रखते, उन्होंने उसे बैलगाड़ी पर रखा। कुल मिलाकर गड़बड़ हो गई!

126 आप देखिए, यदि आप परमेश्वर की इच्छा के अनुसार नही जायेंगे, और वह मार्ग जो परमेश्वर ने हमें चलने के लिए दिया है, वे हमेशा गड़बड़ में पड़ जाते है और किसी संस्था में हो जाते है या नामधारी में, कोई संदेश, और वहां आप जाते है। समझे? ये सदा ऐसा ही हुआ है।

127 यह वही चीज कि इस लड़के का आमना–सामना हो गया था, वह अंदर आया; वह सदुकियो या फरीसियों का सदस्य था या उन दिनों के किसी बड़े समाज का। वह जितना हो सकता था उतना धार्मिक था। उसने कहा, "मैंने इन आज्ञाओं का पालन किया है, मुझे बालकपन से यह सब सिखाया गया है।" समझे? और यीशु नें इस बात के लिए उस से प्रेम किया। परंतु उसने अगुवाई में आने के लिए मना कर दिया, उसने यीशु मसीह के वास्तविक नेतृत्व को स्वीकार करने से मना कर दिया कि उसे अनंत जीवन दे।

128 ध्यान दे उसने विश्वास किया कि जो उसके पास था उस से यह कुछ भिन्न है, या उसने कभी नही कहा होता, "उत्तम गुरु, अब मुझे क्या करना चाहिए? "

129 देखिए, वह अपने लिए कुछ करना चाहता था। इसी प्रकार से हम करते हैं, हम स्वयं से कुछ करना चाहते है। परमेश्वर का वरदान मुफ्त का वरदान

है। यह परमेश्वर आपको देता है, आप इसके लिए कुछ नही करते। वह यह आपके लिए ठहराता है, और आप इसे लेने जा रहे है। समझे?

130 ध्यान दे, वह यह जान गया कि वहां है। उसने इसमें विश्वास किया और इसे चाहा। परंतु जब उसका सामना हुआ कि उसे कैसे करना है, तो यह धर्म विधि से भिन्न था। यह भिन्न था। वह अपना पैसा रखे रह सकता था और जिस कलीसिया का सदस्य था, उसमें बना रह सकता था और आदि–आदि। परंतु यीशु यह जान गया और जाना कि उसने धन का संचय कर रखा है। और उसने कहा, "जाओ, जो तेरे पास है सब बेच दे, और गरीबों को दे दे। और आ, अपनी क्रूस उठा और मेरे पीछे हो ले, और स्वर्ग में तुझे धन मिलेगा।" परंतु वह यह नही कर सका।

131 और दूसरे अगुवे जो उसके युवा दिनों में थे, उस उनका ऐसा प्रभाव था, यहां तक कि उसने परमेश्वर के दिए गए मार्ग को अस्वीकार कर दिया जो कि यीशु मसीह था; केवल एक जो अनंत जीवन रखता है केवल एक जो यह आपको दे सकता है। कलीसिया आपको अनंत जीवन नही दे सकती ना ही आपका पड़ोसी ना ही आपका पास्टर ना ही याजक, ना ही आपका मतसार; केवल स्वयं यीशु मसीह आपको अनंत जीवन दे सकता है। वह ही है...

132 कोई मतलब नही आप कितने भले हैं, आपने क्या करना छोड़ दिया आपने क्या करना आरंभ कर दिया, आपको प्रभु यीशु मसीह *व्यक्ति* को स्वीकार करना है। और जब आप यह करते है, वह वचन है और तब आपका जीवन वचन के साथ ठीक बैठता है, और यह जिस युग में आप रह रहे है, उसमें स्वयं को प्रगट करता है।

133 नूह को अपने युग में वचन प्रगट करने के लिए यह करना था। अब, क्या हो यदि मूसा आये कहे, "हम जानते हैं कि मूसा ने क्या किया हम इसे उसी प्रकार करेंगे जैसे नूह ने किया। हम एक नाव बनाएंगे और नील नदी पर तैरायेगे और मिस्र से बाहर निकल जायेंगे"? क्या, यह काम नही करेगा। देखिए, यह दूसरा युग था।

134 यीशु मसीह के संदेश के साथ नही आ सकता था; लूथर कैथोलिक के संदेश के साथ ना आ सका वैसली लूथर के संदेश के साथ ना आ सका; पेंटीकोस्टल, वेसली के युग के संदेश के साथ ना आ सके। और दुल्हन पेंटीकोस्टल नामधारी में नही बन सकती, यह नही हो सकता। और यह

बिल्कुल ठीक है। वह संगठित हो गई और यहां से निकल गई और वहां वह बकियो के समान बैठी है। यह भूसा है। जैसा कि जीवन के द्वारा आता है... समझे?

135 वह लेखक, जैसे कि मैंने उस रात्रि कहा, वह लेखक जिसने यह पुस्तक लिखी है... इसलिए नही क्योंकि उसने मेरी बुरी तरह आलोचना की है, कि "यदि ऐसी बातें है तो मैं शैतान था।" इसलिए उसने कहा उसने परमेश्वर में विश्वास नही किया। उसने कहा, "एक परमेश्वर अपने हाथ समेटे हुए और बैठा हुआ और आरंभिक युग से होते हुए लोगों को बलिदान होते हुए देखता रहा, और दावा किया कि उसके पास लाल सागर को खोलने की सामर्थ है, और उन महिलाओं बालकों को शेरों द्वारा टुकड़े होने दिया, और फिर कहा कि वह एक प्रेम करने वाला परमेश्वर था।" कहा, "ऐसा कोई जीवधारी नही।" देखिए, व्यक्ति, बिना वचन के प्रेरणा के, इसे देखने में असमर्थ है।

136 गेंहूं का पहला दाना, दुल्हन उसे भूमी में गिरना ही था ताकि फिर जी उठे। इसलिए पहली दुल्हन पेंटीकोस्टल पर जन्मी उसे अंधकार के युगों से हो कर निकलना था किसी और बीज के समान गाढा जाना था, उन्हें मरना ही था उन्हें यह करना था। परंतु इनके किल्ले फिर से लूथर में फूटे, पहले सुधार में यह ऐसा प्रतीत नही हुआ, जैसे बीज जो भीतर गया, परंतु यह उस दिन का उजियाला था।... ? ... किल्ला फिर यह फुन्दनी में आया, वेसली। और फुन्दनी से यह पेंटीकोस्टल में आया भूसा।

137 जब आप गेंहूं में देखते है जब यह आता है गेंहूं का दाना एक मनुष्य जो गेंहूं उगाता है, आप जाकर देखें कि उसमें गेंहूं बन रहा है, यह बिल्कुल दाने जैसा दिखाई पड़ता है। परंतु यदि आप एक चिमटी लेंगे और बैठ कर उस गेंहूं को खोलेंगे तो उसमें दाना बिल्कुल नही होगा यह बस एक भूसा है। और फिर क्या? यह वहां बन गया कि दाने को पकड़ कर रखे। समझे? और फिर पहली चीज जो आप देखते है कि जीवन किल्ले से हो कर फुन्दनी में आ गया; फुन्दनी को छोड़ कर छिलके में आ गया; यह छिलके को छोड़ कर गेंहूं में चला जाता है। तीन स्थितियां इसकी, देखिए। और फिर गेंहूं बनता है *बाहरी* तीन स्थितियां (लूथर, वेसली, पेंटीकोस्टल) ठीक वैसे ही। देखिए, कोई संदेह नही। आप प्रकृति का अनुवाद नही कर सकते है।

138 अब देखिए, संदेश के हर तीन वर्ष बाद जो परमेश्वर के पास से भेजा गया, वे संगठित हो गए। इसे बीस वर्ष हो गए है, और कोई संगठन नही। यह नही होगा। समझे? अब छिलके को अलग हटना होगा और गेंहूं को झोंका देना होगा कि पुत्र कि उपस्थिति में रहे, ताकि पके; संदेश फिर से कलीसिया में आ रहा है, यीशु मसीह की देह को बना रहा है, पहले मूल के समान, वह जो भूमी में गया था। अब, देखने के लिए, अनंत जीवन।

139 जीवन, निश्चय ही फुन्दनी ने फिर जहां जीवन ले जाने के लिए। निश्चय ही, इसने किया। परंतु आप देखिए, जब यह फुन्दनी हो जाता है और यह पूरा हो गया था, संस्था जीवन सीधा वैसली में चला गया, सीधा बाहर आया और भीतर गया। और एक दम उनमें प्रत्येक… एक बड़ी पत्ती, दाने के समान नही दिखाई पड़ता, परंतु जब छोटा पराग आता है उसे भूसे… याने उस फुन्दनी पर झब्बे पर पराग यह पूरा का पूरा दाने के समान दिखाई पड़ता है। परंतु जब यह भूसे पर आता है, तो यह लगभग वही है।

140 क्या यीशु ने नही कहा, "अंत के दिनों में" (मत्ती 24:24) "दोनों इतने समीप होंगे, यह उसी जीवांश को धोखा देंगे, पहले से ठहराया हुआ चूना हुआ यदि संभव था"? लगभग मूल चीज के समान, इसलिए अंत के दिनों में। अब आप देखते है, अब। यह गेंहूं का समय है यह कटाई का समय आ रहा है यह लूथर का युग नही, यह पेंटीकोस्टल युग नही, यह दुल्हन का युग है।

141 जैसे मूसा ने एक राष्ट्र, राष्ट्र में से बाहर निकला, मसीह आज एक कलीसिया कलीसिया में से बुला रहा है, आप समझे; वही चीज छाया में उन्हें महिमामय अनंत प्रतिज्ञा के देश में ले जा रहा है।

142 अब, उस व्यक्ति का इन्कार करना जो बुला रहा है, मसीह कोई मतलब नही यदि आप पेंटीकोस्टल, मेथोडिस्ट, लूथर आप जो भी है, आपको होना है… यह युग! उनके विरोध में कुछ नही, बिल्कुल नही, परंतु इस युग में *अब* आपको स्वीकार करना है (जैसे उन्होंने उस युग में किया) व्यक्ति मसीह को जो कि वचन है!

आदि में वचन था, वचन परमेश्वर के साथ था, वचन परमेश्वर था।

और वचन देहधारी हुआ था, और हमारे मध्य में वास किया…

… कल, आज, और सर्वदा एक सा है।

इब्रानियों 13:8। देखिए, आपको उस अनंत जीवन के व्यक्ति को स्वीकार करना ही चाहिए!

143 अब, लूथर के पास क्या था, न्यायोचितता थी। वैसली के पास पवित्रकरण, इसमें जोड़ा गया। पेंटीकोस्टल के पास वरदान की वापसी थी, इसमें वापस आ रहे थे। परंतु अब यह देह में पूर्ण हो रहा है, आप समझे इसके तीन पक्ष और उसमें से... अब जब पुनरुत्थान आता है, वह जीवन लूथरन में रह रहा था, वह बाहर चला गया, वह जीवन जो मेथोडिस्ट में रहा, और वह चला गया, वह जीवन जो पेंटीकोस्टल में गया, वह सारा भूमी में से निकल कर दुल्हन कि देह में कि उसे मसीह यीशु के सामने ले जाये। परमेश्वर की महिमा हो! ओह, यह उत्तेजक है! यह सत्य है!

144 हमने कोना मोड़ दिया! हम स्वर्ग की ओर देख रहे है, उसके आगमन को देख रहे है, पिरामिड के ऊपर ढकना, जैसे कि हम कहेंगे उसकी वापसी! कलीसिया जल्द ही जीवित हो जानी चाहिए और हमें तैयार हो जाना चाहिए।

145 और केवल एक ही मार्ग है कि आप सकते है कि कहते नही, "भई, मैं संगठनों से हूं। मैं एकवाद से हूँ, दो वाद से," या यह जो भी है, वे सब वहां है, "मैं चर्च ऑफ गॉड से हूं।" इसका कोई मतलब नही है। "हमारे पूर्वजों ने चिल्लाया और नाचा," वह बिल्कुल ठीक है, वह *उनका* दिन था। परंतु *आज* आप उन संस्थाओं के आमने-सामने नही जो उन्होंने बनाई, परंतु वह जीवन जो आगे बढ़ रहा है, जो कि यीशु मसीह है।

146 इस युवा व्यक्ति ने भी वही किया। मूसा ने वे आज्ञाये लिखी परंतु आप देखिए, जिसने वे आज्ञाये अपने नबी के द्वारा लिखी, वही बातें थी जिनकी भविष्यवाणी की गई कि वह दिन आएगा कि, "मैं अपने समान एक भविष्यवक्ता उठा खड़ा करूंगा, और ऐसा होगा कि वे सब जो उसकी नही सुनेंगे, काटा जाएगा"; वहां पीछे उन नामधारी भूसे और फुन्दनी में। उन्हें जीवन में आगे बढ़ना ही है। और आज मत कहिए, "मैं पेंटीकोस्टल हूं। मैं *इन* में से हूं मैं *उसमें* से हूं।" इसका कोई अर्थ नही है। आपको व्यक्ति मसीह को स्वीकार करना ही है, वह अनंत जीवन, प्रत्येक को आमने-सामने होना है! इसे ना भूलें।

147 दूसरे अगुवे आप देखते है उनका उस पर ऐसा अधिकार था। उनके लोगों को सिखाया गया, "भई, हम *इस* से संबंधित है, और *उस* से है,"

और उस पर ऐसी पकड़ थी, परंतु क्या ही मरणहार बात है कि अनंत जीवन की अगुवाई को अस्वीकार करें!

148 अब आज रात्रि वह जीवन उपस्थित है। यह ठीक बात है। पवित्र आत्मा यहां पर है, जो कि मसीह आत्मा के रूप में है; उसका आत्मा अभिषेक यहां पर है।

... और थोड़ी देर, और संसार मुझे और ना देखेगा; फिर भी तुम मुझे देखोगे...

... क्योंकि मैं तुम्हारे साथ होऊंगा, यहां तक कि तुम्हारे अंदर अंत तक, संसार के अंत तक।

149 केवल यीशु ही आपका नेतृत्व अनंत जीवन तक कर सकता है... कोई कलीसिया नही, नामधारी नही, प्रचारक नही, कुछ नही आपकी अगुवाई इस तक कर सकता है, आपकी अगुवाई उसी के द्वारा होनी है, केवल वही आपकी अगुवाई कर सकता है।

150 क्या आप कल्पना कर सकते है कि वह अपने वचन के बाहर आपकी अगुवाई कर सकता है, जो कि वह स्वयं है? और यदि वह वचन है, और आप उसके भाग है, क्या आप वचन के भाग नही होंगे? वह वचन जो परमेश्वर चाहता है कि उद्धार का जल आज उंडेले कि आज उसे प्रमाणित करें; जैसे प्रेरितो ने उसे प्रमाणित किया, जैसे लूथर, जैसे वेसली, जैसे लोगों ने उन दिनों में उसे, प्रमाणित किया। यह दूसरा युग है। यह वचन है! वचन ने यह बातें कही है जिन्हें अब हम घटित होते हुए देख रहे है, इस घड़ी में घटित होने की भविष्यवाणी की गई। इसलिए यीशु मसीह को स्वीकार करें, और उसे अनंत जीवन की ओर अगुवाई करने दे।

151 यदापि उसने प्राप्त कर लिया था, यह युवा... उसने सारी अच्छी चीजें प्राप्त कर ली थी। विद्यालय में, बहुत ही अच्छा रहा। जैसे एक अच्छा लड़का, कोई संदेह नही वह अच्छा था। जैसे एक वास्तविक पिता... अपने पिता की बात सुनने में व्यापार में, वह एक अच्छा था... अच्छा लड़का अपने माता–पिता के लिए अच्छा। वह अपने याजक के प्रति निष्ठावान। वह अपनी कलीसिया के लिए निष्ठावान। वह परमेश्वर कि आज्ञाओ के लिए निष्ठावान था। परंतु उसने महान चीज को दी, बाकी चीजें उसके लिए विशेष महत्व नही रखती थी, जब उसने अनंत जीवन की अगुवाई, यीशु मसीह को अस्वीकार कर दिया।

152 ध्यान दें! यह अगुवाई आज हर एक के सामने आती है वही चीज जो इस युवक के साथ हुआ हम... कोई मतलब नही हम कितने धार्मिक हैं। आप कैथोलिक हो सकते है, आप बैपटिस्ट, मैथोडिस्ट हो सकते है, या आप पेंटीकोस्टल हो सकते है, या आप जो भी है, वही बात आज रात्रि आपके सामने है: अनंत जीवन, यह यीशु मसीह को ग्रहण करना। हमें यह सुअवसर दिया गया है।

153 जीवन में कभी–कभी हमारा भी एसी बातों से आमना–सामना होता है, जैसे इस युवक के साथ हुआ क्योंकि आप मरणहार है और आपको चुनाव का सुअवसर दिया गया। आपके सामने एक चुनाव है। परमेश्वर ने आपको ऐसा बनाया कि आप चुन सके। यदि उसने आदम और हवा को स्वतंत्र आचार जीव बनाया ताकि वे सुन सके और उन्होंने गलत चुनाव किया, और देखिए, वह आप से इससे अधिक नही कर सकता। जो उसने उनके लिए किया। उसे आपको उसी स्थिति में रखना है, ताकि आप चुने या अस्वीकार कर सकें।

आपके पास एक चुनाव है। आईए हम इन में से कुछ को देखें।

154 आपके पास चुनाव है, जैसे एक युवा मनुष्य, कि आप शिक्षा लेना चाहते है या नही। आपके पास यह चुनाव है। आप चाहे सकते है, कि "इसे ना ले" आप बस इसे मना कर सकते है।

155 आपके पास आपके चरित्र का चुनाव है। मैं यहां थोड़ा आघात पहुंचाना चाहता हूं। समझे? आप जा सकते है और अपने बाल बढ़ा सकते है, और एक बीटल या कुछ इन अज्ञानियों के समान।

156 या आप महिलाये, आप एक समय मनुष्य के समान दिखाई पड़ सकती है या आप इन मे से एक भयानक जीव जो हमारे वहां बाहर है। वे नीली आंखे, वॉटर हेड बाल, और आदि–आदि, यह पूरी रीति से परमेश्वर के वचन के विरोध में है, जो कि बिल्कुल भिन्न है, प्रार्थना भी स्वीकार नही हो सकती। यह सत्य है। बिल्कुल ठीक। यही जो बाईबल ने कहा है।

157 परंतु कलीसिया तुझे क्या हुआ? तुमने बहुत टेलीवीजन देखा है, संसार की बहुत सी चीजे, यह आपकी आदम के पुराने स्वभाव में बहुत सरल कि उधर को मुड जाये, बाकियों के समान व्यवहार करें।

158 मैं इसको दुबारा दोहरा दू! क्या अन्नबली में, मूसा के दिनों में छुटकारा, जब मूसा बालकों को बाहर लेकर आया, सात दिनों तक खमीर लोगों के

मध्य में नही होना चाहिए कोई जानता है। निर्गमन में, "तुम्हारे तुम्बुओं में बिल्कुल खमीर ना पाया जाए सात दिनों तक।" ये *सात दिन* सारे "सात कलीसियायी युगों" को दर्शाते है। समझे?

159 "कोई खमीर नही।" अब, यह क्या है? कोई मतसार नही, कोई संसार नही। यीशु ने कहा, "यदि तुम संसार से प्रेम रखते हो या संसार की चीजों से, तो परमेश्वर का प्रेम तुम में नही है।" समझे? और हम इसको मिलाने का यत्न कर रहे है; आप यह नही कर सकते! आपको विश्वास करने के लिए एक बात पा आना है: आप या तो परमेश्वर पर विश्वास करने जा रहे है, आप कलीसिया पर विश्वास करने जा रहे है, आप संसार पर विश्वास करने जा रहे है, आप... आप इसे आपस में नहीं मिला सकते। आप पुरानी बातो को पकड़े नहीं रह सकते दूसरी कलीसिया जो आपने पहले किया। आपको समय का संदेश लेना ही है।

160 उसने कहा, "जो छूट गया था, इसे प्रात: तक ना रहने दें (कि इस दूसरे युग में आए), इसे आग से जला दे; नष्ट हो जाने दे।" वह युग जिसमें आप रह रहे है, इस युग का संदेश इसे संदेश वचन में से ही आना है, और इसे प्रमाणित और सिद्ध परमेश्वर के द्वारा होना कि यह परमेश्वर ऐसा कर रहा है। तब या तो आप उसे स्वीकार करो या इसे अस्वीकार करें। यह अनंत जीवन है, पवित्र आत्मा का नेतृत्व, अपनी कलीसिया की अगुवाई।

161 हम इस पर लंबे समय तक टिक सकते है, परंतु हम आगे बढ़े, आगे बढ़ते रहें।

162 आपके चरित्र का चुनाव। आप... अब आप इसमें मिलावट नही कर सकते या तो आप परमेश्वर के लिए या परमेश्वर विरोध में और बाहरी भाव ठीक दर्शाता है कि अंदर क्या है। समझे? गोखरु... आप में से बहुत से सोचते है, "मुझे पवित्र आत्मा का बपतिस्मा मिला है, मैं स्वर्ग को जा रहा हूं।" इसका कोई मतलब नही कि आप स्वर्ग जा रहे है। नही, श्रीमान। आपको आपके जीवन में हर घंटे पवित्र आत्मा का बपतिस्मा हो सकता है, और फिर भी नष्ट और नरक को जाते है। बाईबल ऐसा ही कहती है। ओह, ये बिल्कुल ठीक बात है।

163 इधर देखिए, आप बाहरी व्यक्ति है, आपकी पांच इंद्रियां है जो बाहरी शरीर से संपर्क रखती है। परमेश्वर ने आपको पांच इंद्रियां दी है; उससे

संपर्क रखने को नही; अपना पृथ्वी का घर; देखना, चखना, स्पर्श, सूंघना, और सुनना।

164 तब आपकी आत्मा आपके भीतर की ओर, और इसके भी पांच बाहरी मार्ग है विवेक, प्रेम और आदि–आदि। पांच बाहरी मार्ग, जिनसे आप आत्मिक संसार से संपर्क रखते है, केवल आपकी आत्मा।

165 आपका भौतिक संपर्क भौतिक से। आपका आत्मिक संपर्क आत्मिक। परंतु आपके भीतर जो आपके पास है, एक प्राण और वह प्राण है जो गुण सूत्र परमेश्वर से आता है।

166 और जैसे एक बालक अपनी माता के गर्भ में बनता है, जब एक बालक अपनी माता के गर्भ में एक छोटे से जीवांश के द्वारा आता है, यह अंडे में जाता है, वह मनुष्य की एक कोशिका भी नही बनाता, अगला कुत्ता और अगला एक बिल्ली और अगला एक घोड़ा। ये सारी मनुष्य की कोशिकायें क्योंकि यह मूलतः मनुष्य की कोशिका से बन रहा है।

167 और जब मनुष्य परमेश्वर के वचन से नया जन्म पाता है, जो कि अनंत जीवन के लिए ठहाराया जाता है, जो "चुने हुए," कहलाए गए, यह परमेश्वर का वचन परमेश्वर के वचन के ऊपर, वचन वचन पर! ना कि नामधारी का मतसार और फिर वचन और एक मतसार और यह कार्य नही करेगा, आप उसमें खमीर नही पा सकते केवल एक अनंत जीवन, यीशु मसीह वचन:

> *आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था और वचन परमेश्वर था।*
>
> *और वचन देहधारी हुआ था और हमारे मध्य में निवास किया...*

168 मित्रों, आप मेरे बच्चों को खिलाते है आप मुझे दूर कार्य क्षेत्र में उद्देश्य के लिए भेजते है, संसार में कि संदेश लाऊं। मुझे आपके प्रति निष्ठावान रहना है, जो मैं देख रहा हूं संम्भव है आप नही देखते। यही है जो मैं यहां आपको बताने का यत्न कर रहा हूं। इसलिए नही कि मैं लोगों से प्रेम नही करता, यह क्योंकि मैं लोगों से प्रेम करता हूं। सुधारत्मक। जब मैं कलीसिया को फिसलते हुए देखता हूं, अलग जा रही है, कहता हूं, "भई, हमने *यह* किया हमने *क्या* किया," और घूम कर कलीसिया को देखता हूं और देखता हूं... कि यह कार्य नही करेगा

169 फिर यहां बाईबल में देखें और देखते है कि अंत में यह इसी प्रकार होना चाहिए वह गुनगुनी लौदिकिया कलीसियायी युग, यीशु को बाहर कर रहे है (वचन को) उसने कभी नही पुकारा... वह किसी कलीसिया को नही बुलाने वाला है। उसने कहा, "जितनो से मैं प्रेम करता हूं, मैं उन्हें फटकारता और ताड़ना देता हूं।" वचन को ले रहे है और उस पर धमाका कर रहे है और बता रहे है कि, "आप इसमें गलत है!" यही कारण है कि मैं आप से प्रेम करता हूं। "यदि आप द्वार खोलेंगे और मुझे भीतर आने दे, मैं भीतर आऊंगा और तुम्हारे साथ भोजन करूंगा।" कोई कलीसिया नही, वह तो उस से बाहर निकाल दिया गया।

170 वह तो एकता वर्धक सभा के लिए आगे बढ़ गई है। यही जहां वह नष्ट हो गए ठीक वापस रोम में जहां से वे निकले। बिल्कुल यही। यह 25 वर्ष पहले मैंने कागज पर लिखा था, पैतिस वर्ष पहले और यह है। केवल यही नही यह बाईबल में भी लिखा एक दर्शन से। वह वापस पलट गई। इसके बचने को कोई मार्ग नही, यह गई! यह उसी मार्ग पर जा रही है।

171 परमेश्वर *व्यक्तिगत* को बुला रहा है। "मैं द्वार पर खड़ा खटखटाता हूं, यदि कोई मनुष्य, कोई व्यक्ति... " एक व्यक्ति हजारों में यह दस लाख में से एक हो सकता है।

172 जैसा मैंने कुछ रातों पहले कहा। जब इस्राईल मिस्र से बाहर निकला वहां बीस लाख के लगभग लोग आए और लगभग बीस लाख; बस एक... बस दो लोगो ने भीतर प्रवेश किया। दस लाख में से एक। क्या आप यह जानते है? कालेब और यहोशु।

173 और यीशु, जब वह इस पृथ्वी पर था उन्होंने कहा, "हमारे पूर्वजों ने जंगल में मन्ना खाया। हम उन रीतियों को पूरा कर रहे है। और हम *यह* कर रहे है। हम जानते है कि हम कहां खड़े हैं!"

174 उसने कहा, "मैं जानता हूं कि तुम्हारे पूर्वजों ने जंगल में मन्ना खाया और वह प्रत्येक अनन्तता में अलग हो गए। वे मर गए!"

175 जब शुक्राणु नर या मादा से आता है, वहां हजारों अंडे आते है, वहां लाखों शुक्राणु आते है। और उन सारे शुक्राणुओं में से उस प्रकार का... यदि यह सांड से है या पुरुष में से या यह जो भी है, वहां लाखों शुक्राणु होते है लाखों शुक्राणु कार्य करते है। और उन में से केवल एक शुक्राणु जो जीवन के लिए ठहराया हुआ, क्योंकि एक अंडा जो वहां उससे मिलने को

उपजाऊ है। यह ठीक है। केवल एक ही अंडा यह उससे मिलेगा। जैसा कि यह देह है, यहाँ ठीक है। और जीवांश परमेश्वर कि ओर से आता है। समझे? और ध्यान दे कि छोटा जीवांश उन दूसरे बहुत सारे जीवांशो से आता है उनके आसपास घूमता है, और आगे बढ़ता जाता है; और जाकर उस उपजाऊ अंडे को ढूंढता है, और उसमें प्रवेश करता है; और वे बाकी मर जाते है।

176 क्या हो यदि यही आज कलीसिया के साथ हो दस लाख में एक? देखिए यह कहाँ होगा? "सकेत है वह फाटक और सकरा है वह मार्ग, और बहुत थोड़े होंगे जो उसे पायेगे; क्योंकि चौड़ा है वह मार्ग जो विनाश को पहुंचाता है और बहुत से होंगे, जो उस से प्रवेश करेंगे।"

"भाई ब्रन्हम, क्या यह सत्य है? " मैं नही जानता, परंतु मैं तो केवल पवित्र वचन का उल्लेख कर रहा हूं। समझे?

177 अब, आप जीवन के लिए अभिषिक है। आप देखिए यदि आप इसे देखने के लिए अभिषिक है। यदि आप इसे देखने के लिए अभिषिक नही है तो आप इसे नही देखेंगे। कहा, "उनके आंखें है, परंतु वे देख नही सकते, कान है और सुन नही सकते।" कलीसिया को कितना धन्यवादित होना चाहिए! आपको इन चीजो से स्वयं को कितना सावधान हो जाना चाहिए! आपको परमेश्वर के लिए कितना आग में होना चाहिए! कि आपकी आंखें देखती है, जो आप देखते है, आपके कान उन बातों को सुनते है वे चीजे आप देखते है। अगुवाई! क्यों आप आज रात्रि यहाँ इस प्रकार के संदेश को सुनने आए है? मैं सारे संसार में चिन्हत हूँ, कलीसियाओ के द्वारा एक "धर्मान्ध" के समान। आप क्यों आए है? पवित्र आत्मा ने आपकी यहाँ अगुवाई की है (समझे? समझे?) कि सुने। खतना! संसार की वस्तुओं को काट दे, यीशु मसीह की अगुवाई को स्वीकार करें, या आप संसार के समान निश्चय ही नष्ट होंगे।

178 आपके पास आचरण का चुनाव है। आप स्वयं का कैसा व्यवहार रखते है, यह आप पर है।

179 आपके पास पत्नी का चुनाव है। आप जा कर अपनी पत्नी लेते है। आप अपनी पत्नी लेना चाहते है, आप एक को लेते है जो आपके अनुसार… जो आप चाहते है आपकी… भविष्य के घर की योजना के लिए। क्या आप कल्पना कर सकते है कि एक मनुष्य, एक मसीही मनुष्य, बाहर जा कर

एक आधूनिक आवारा पत्नी होने को ले रहा है? ओह? वह क्या आप कल्पना कर सकते है? मनुष्य इस विषय में क्या सोच रहा है? यदि वह अधनंगी को लेता है, तो उसका घर किस प्रकार का होने जा रहा है, एक प्रहसन सड़क पर से यहाँ है, एक सड़क छाप वैश्या? "ओह," आप कहते है, "अब एक मिनट रुकिए।" वह कैसे वस्त्र पहनती है? समझे? देखा? छोटे कपड़े और आदि–आदि, वह एक सड़क छाप वैश्या है। "ओह," आप कहते है, "अब, भाई ब्रन्हम!" ओह, वे कसे हुये स्कर्ट, ऐसा प्रतीत होता है, आप उसमें घूसाये गये है, सड़क छाप वैश्य।

180 यीशु ने कहा, "जो कोई स्त्री को कुदृष्टि से देखें, वह अपने ह्रदय में उसके संग व्यभिचार कर चुका।" उसे इसके लिए उत्तर देना होगा। और वह क्या करेगी? उसने स्वयं को प्रस्तुत किया। कौन दोषी है? इस पर सोचे।

181 आप कहते है, "वे और दूसरे कपड़े नही बनाते।" उनके पास सामान और सिलाई मशीन है। कोई बहाना नही। ओह। यह बिल्कुल सही है।

182 अब, मैं आपको दुख नही देना चाहता। और यह कोई उपहास नही है, यह यहोवा यों कहता है वचन से है। मित्र, यह बिल्कुल सच है। मैं एक बुढा मनुष्य हूँ, मुझे यहां अधिक नही रहना है, परंतु मुझे आपको सत्य बताना है। यदि यह मेरा अंतिम संदेश है, यह सत्य है। समझे? बहन ना करें? भाई ना करें?

183 और आप लोग जो मतसार पर निर्भर है और यह जानते हुए कि परमेश्वर का वचन ठीक आपके सामने प्रमाणित हुआ है। पवित्र आत्मा का बपतिस्मा और यह वास्तविकताये, जो आज हमारे पास है और फिर, अपने मतसार के कारण, इस से फिर जाते है? आप कैसे परमेश्वर के पुत्र हो सकते है, और परमेश्वर के वचन का इन्कार करें, जिसकी भविष्यवाणी इन अंतिम दिनों के लिए की गई है, जिसमें हम रह रहे है? आप कैसे यह कर सकते है? बाईबल कैसे इसे कह सकती है...

184 जैसे कि मैंने गत रात्रि एक राजा के विषय में एक बार कहा नीचे दक्षिण की ओर, जब रंग भेद गुलामों को बेचने में था। क्यों, वे एक पुरानी कार बजार से अधिक ना थे, उनके बेचने पर आपको बिल लेना होता था। और मैं सावधान हो गया था, उस छोटे से स्थान में... एक दिन मैंने पढा जहाँ एक दलाल कुछ को खरीदने आया और उसने कहा, "अच्छा, ठीक है, अब मैं चाहता हूं... " वे उदास थे आपको उन्हें कोड़े लगाने होगा, उनसे

कार्य करवाना क्योंकि वे अपने घर से दूर थे। वे बिके हुए गुलाम थे। और वे परदेस में थे इस विषय में उन्हें कुछ नही मालूम था और वे कभी भी फिर घर वापस नहीं जायेगे और वे उदास था। आपको उन्हें कोड़े लगाने थे कि काम ले। परंतु यह दलाल किसी विशेष बाग से आया था।

185 एक युवा व्यक्ति वहां अपने बाहर निकले हुए सीने, ठोडी ऊपर, आपको उसे कोड़ा नही लगाना है। वह सही था, वह अपना आचरण उन बाकियों से अधिक बनाए हुए था।

दलाल ने कहा, “मैं इसे खरीदुंगा।”

186 उसने कहा “यह बिकाऊ नही है।” यह नही है, आप इसे नही खरीदेगे, क्योंकि यह बिकने के लिए नही है।

187 उसने कहा, “भई इसमें इतना क्या अंतर है? ” बोला, “क्या यह बाकी उन सब के ऊपर है? ”

कहा, “नही।”

कहा, “क्या आप इसे अलग से खिलाते है? ”

188 बोला, “नही वह एक गुलाम है, वह भी उन बाकियों के साथ गलियारे में खाता है।”

कहा, “फिर यह उतना अलग क्यों है? ”

189 उसने कहा, “मैं भी आश्चर्यचकित था, जब तक मुझे मालूम ना हुआ। वहां अफ्रीका में (जहां से आए है जहां से लाने वाला इन्हें यहाँ लाया है और उन्हें ला कर गुलाम होने के लिए बेच दिया), वहां पर इसका पिता जन जाति का राजा है। परदेसी घर से दूर, वह जानता है कि वह राजा का पुत्र है। इसलिए यह उसी प्रकार का आचरण करता है।”

190 मसीहत के लिए क्या ही ताड़ना है! हमें परमेश्वर और अनंत जीवन का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। अनंत जीवन का केवल एक ही प्रकार है और वह परमेश्वर है। केवल उसी के पास अनंत जीवन है। और हम उसकी उत्पत्ति है क्योंकि हम उसके आत्मा के गुण सूत्र है। तो फिर हमारा आचरण, हम स्त्रियों और पुरुषों को जैसा बाईबल ने हम से करने को कहा होना चाहिए। ना कि सड़क की ईजाबेल और संस्थाओं के आवारा; परंतु सज्ञन मसीही, परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां, परमेश्वर के आत्मा से जन्मे हुए, अपने दिनों

में उजीयाले को प्रगट कर रहे है और इसे फैला रहे है। यह बिलकुल ठीक बात है।

191 हम इससे कितने भटक गए है! क्यों? वही चीज जो इस लड़के ने यहां किया। उसने स्वीकार किया, अनंत जीवन को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि यह उसके सामाजिक प्रतिष्ठा के मूल्य पर था, क्योंकि इसका मूल्य उसका धन की समृद्धि उसका समाज, कलीसिया में यह बहुत चीजों के भुगतान पर होगा, वह जान गया कि इसका कितना मूल्य होने जा रहा है, वह जिम्मेदार लड़का था उसने अनुभव किया कि वह इसका भुगतान नही कर सकता। फिर भी उसने सोचा, "मैं बस अपने धर्म पर भरोसा करूंगा और आगे बढ़ूंगा।" परंतु उसके ह्रदय के अंदर वह जान गया, कि यीशु मसीह के विषय में कुछ है, जो उस दिन के याजको से भिन्न था।

192 और कोई संदेश जो आता है, एक सच्चा परमेश्वर से उत्पन्न किया हुआ संदेश, वह पुराने रीति से भिन्न होता है। जब दिव्य चंगाई हो रही है अधिक समय नही हुआ क्या आपने ध्यान दिया कि कैसे नकल करने वाले पीछे–पीछे आते है? समझे? और उन में से प्रत्येक उन संस्थाओं में चला गया, और टिका हुआ है। क्या कोई जानता है कि एक संदेश होना चाहिए जो पीछे–पीछे आता है? क्यों परमेश्वर हमारा मनोरंजन नही करता! वह हमारा ध्यान किसी चीज से आकर्षित करता है, और जब हमारा ध्यान आकर्षित करता है, तब उसके पास उसका संदेश होता है।

193 देखिए जब वह पहले धरती पर आया और अपनी सेवकाई आरंभ की, "ओ युवा रब्बी, हम तुझे अपने कलीसिया में चाहते है, यहाँ पर आ जा।" वह युवा भविष्यवक्ता। "ओह, हम तुझे यहां पर चाहते है। यहां आजा।"

194 परंतु एक दिन वह खड़ा हुआ और बोला, "मैं और पिता एक है।"

195 "ओह प्रभु! वह स्वयं को परमेश्वर बनाता है।"

196 "जब तक तुम मनुष्य के पुत्र का मांस ना खाओ और उसका लहू ना पियो, तो तुम में जीवन नही।"

197 "वह एक नर पिशाच है! हमारा उससे कोई लेना देना नही।"

198 वे चेले वहीं पर बैठे थे; हजारों उसे छोड़ा कर चले गये, परन्तु वे चेले जीवन के लिये ठहराये हुए थे, उसने इस प्रकार कहा वे इसकी व्याख्या नही

कर सके, उन्होनें इसका विश्वास किया। वे इसी के साथ बने रहे, क्योंकि कहा, “कोई मनुष्य इन कार्यों को नही कर सकता।”

199 यहां तक कि यह याजक जान गए। निकोदीमस ने कहा, “हम जानते है” (सहन्देरिन सभा) “कि कोई मनुष्य इन कार्यों को नही कर सकता जब तक की वह परमेश्वर कि ओर से ना हो।” समझे?

200 पतरस ने पेंटीकोस्टल के दिन कहा, “यीशु नासरी, एक मनुष्य परमेश्वर द्वारा प्रमाणित, तुम्हारे मध्य में। परमेश्वर उसके संग था।”

201 पवित्र शास्त्र में देखो, जो वचन ने कहा करेगा। यीशु ने कहा, “पवित्र शास्त्र में खोजो, उसमें तुम सोचते हो कि तुम्हें अनंत जीवन मिलता है यह वही है, जो मेरी गवाही देते है। यदि तुमने मूसा को जाना होता तो मुझे भी जानते क्योंकि मूसा ने लिखा कि मैं आऊंगा, इस रुप में कि मैं इसमें आऊंगा।” वह एक मनुष्य के पुत्र के समान आया।

202 वह तीन नामों में आया परमेश्वर के समान, तीन (पिता के समान, पुत्र के और पवित्र आत्मा के) वही परमेश्वर इसके तीन गुणों में।

203 और फिर, न्यायोचितता, पवित्रीकरण भी... ; लूथर मार्टिन और पेंटीकोस्टल; वही चीज तीन गुण में, तीन ठहरावो में, तीन कलीसिया युगों।

204 वही चीज, जल, लहू और आत्मा। ओह, जैसा कि आप आगे बढ़ते है तीन तत्व जो आपको देह में वापस लेते है। जैसे यह आपको आपके शारीरिक जन्म से आपके आत्मिक जन्म का नमूना। बालक का जन्म पहली चीज जल, अगला लहू और फिर जीवन। इसी प्रकार से आप परमेश्वर के राज्य में आते है। समझे? इसी प्रकार से कलीसिया आती है उसी प्रकार से वही चीज। अब इन तीन चीजों पर ध्यान दे, परमेश्वर ने अपना धारण किया... अपनी देह बनाई।

205 अब हम इसको यहाँ पाते है, आपको अपने चुनाव का अधिकार है, आप उस लड़की को चुनते है; जिससे आप विवाह करना चाहते है, वह आपको स्वीकार करती है, ठीक है।

206 फिर दूसरी बात, आपके पास चुनाव है कि आप जीना चाहते है या जीना नही चाहते। आप जीवन और मृत्यु के बीच चुनाव करते है। आप जी सकते है।

207 उस लड़के के पास चुनाव था। वह हर चीज में सफल था एक धार्मिक पुरुष, परन्तु वह जान गया कि जब वह... यह उसने स्वयं से कहा, “मैंने बालकपन से सारी आज्ञाओं का पालन किया है,” परन्तु वह जानता था कि उसके पास अनंत जीवन नही है। समझे? उसके पास चुनाव था कि वह उसे स्वीकार करे या अस्वीकार करे, और उसने इसे अस्वीकार कर दिया। यह बहुत ही मरणसत्र त्रुटी थी, जो उसने कभी की बाकी सब इसके बराबर नही होगा। यह नही, इसकी बराबरी नही होती, जब तक आप उस चुनाव को ना ले।

208 अब आईए उसके चुनाव को देखते है, और देखते है यह उसके अगुवाई करके कहाँ ले गया। अब, देखिए उसने कहा चुना, अब देखिए, वह—वह एक धनी मनुष्य था, वह एक व्यापारी था, वह एक शासक था और वह एक धार्मिक पुरुष था, यह सब!

209 आज हम कहेंगे, “लड़का एक वास्तविक मेथोड़ीस्ट या बैप्टिस्ट या एक पेंटीकोस्टल। वह—वह एक वास्तविक लड़का था, वास्तविक अच्छा लड़का। बहुत अच्छा!” उसके विषय में आप कुछ नही कह सकते, मित्र भाव, भला सामाजिक और सब कुछ। कुछ भी आचरणहीनता नही। संभवत: वह धूम्रपान भी नही करता, शराब नही पीता या इधर–उधर के कार्यकर्म और नाच में नही जाता, और आज हम इसे जो भी कहेंगे, जैसे कि हम उसे मसीही भाग में रखेंगे। परंतु अनंत जीवन नही था! वह नही था जिसके विषय में हम बात कर रहे है। वह अपनी कलीसिया में ईमानदार हो सकता था, जिसमें कि वह संभवत: था। परंतु आप देखते है, कि इस सब ने उनकी अगुवाई कहां की? महान लोकप्रियता। हम कहते है, यदि वह एक प्रचारक था उसके पास एक अच्छी कलीसिया हो सकता है, वह एक राज्य का प्रेसपिटेर या एक विषय हो सकता है। समझे? यह आपको लोकप्रियता में ले जाता है, और यह उसे एक धन और लोकप्रियता में अगुवाई करता है।

210 आज यही बात हो सकती है आपके पास गाने का महान वरदान है। थोड़ी देर पहले मैंने उस युवा पुरुष के लिए सोचा, जिसने यह गाना यहां पर गाया; कैसे उसने यह शैतान को दे दिया था, और अब उसने वापस ले लिया... और उसमें और ऐलविस प्रेसली में कितना अंतर है और इनमें से कुछ। पेट बून और इस प्रकार के झुण्ड एरनी फोर्ड वे लोग, महान गायक; अपने वरदान लिए जो परमेश्वर ने उन्हें दिए और शैतान के कार्यों

को उत्तेजित करने में उपयोग किया। यह ठीक बात है। कुछ महान गायक अपने परमेश्वर के दिए गए वरदानों को बेच रहे है इस संसार में लोकप्रियता के लिए कि कुछ हो जाए आप कैसे किसी एक “शरीर” से अधिक हो सकते है, कि कुछ हो जाए बजाये परमेश्वर के पुत्र होने के?

211 मैं चिंता नही करता यदि सारा नगर आपका हो जाए, सारा संसार और आपने पवित्र आत्मा कि अगुवाई अनंत जीवन के लिए स्वीकार नही की (मसीह) आप कैसे होने जा रहे है... जो भी है आप कौन है? आप मरे हुए, मरणहार, पाप और अपराधों में मरे हुए! उतने धार्मिक जितने आप होना चाहते है; उतने ईमानदार जितना आप अपनी कलीसिया के लिए होना चाहते है; प्रचारक यदि आप प्रचार मंच पर आना चाहते है परंतु अस्वीकार कर दिया, आप मर गए!

212 वह एक सफल व्यक्ति था। वह इस जीवन में एक सफल व्यक्ति था। निश्चय ही हम पाते है जहां हम ध्यान देते है... हम इस व्यक्ति को पाते है जो गया... हम थोड़ी देर के लिए इसके पीछे–पीछे चले, और हम देखते है कि इसे महान सफलता मिली और बाईबल से होते हुए हम इसके पीछे–पीछे चले। हम देखते है कि यह हम इसे एक धनी व्यक्ति पाते है। उसे एक ऐसा महान स्थान मिला कि वह नगर के जजों और मेयरों से व्यवहार रखता था जो और हो। वह अपनी घर कि छत पर है, और उसकी महान दावत और बहुत से सेवादार और स्त्रियां नवयुवतियों और बहुत कुछ, उसके आस–पास। और एक भिखारी उसके दरवाजे पर खड़ा है, जिसका नाम लाजर है। वह सारा बचा खाना उसके तरह झाड़ देता था। हम कहानी जानते है। अगली बात वह सफल होता गया, जैसे कि आज कल कलीसियाये हो रही है।

213 एक व्यापारी यहाँ बैठा हुआ है, मुझे बता रहा था, “यहाँ केलिफोर्निया में कि कलीसिया को कर्मी यूनियन को बताना पड़ता है कि क्या करना है।” देखिए, यहां कलीसिया और राज्य फिर आ रहे है। यह ठीक आप पर है। आप देखिए, आप ठीक वहीं पर है और आप पशु की छाप को बिना जाने लेते है।

214 यदि आप कभी कोई मेरा टेप खरीदे, इसे ले जब मैं इसे लेता हूं जब मैं घर पहुंचू, *सर्प के पद चिन्ह*; और आप देखेगे कि यह कहाँ है देखिए कि यहाँ कहाँ समाप्त होता है। यदि प्रभु ने चाहा बोलने के लिए घर जा रहा हूं।

यह लगभग चार घंटो का है, इसलिए मैं इस प्रकार कि सभा में नही रख सकता, मुझे वहीं जाना होगा, जहां कलीसिया मेरे साथ लंबे समय तक कष्ट उठा सके, धैर्य के साथ। ध्यान दे। परंतु अब आप इसे किसी समय टेप पर अपने घर में सुन सकते है।

215 इस पर ध्यान दें, अब हम पाते है कि वह एक महान सफल था। तब हम बाद में पाते है, तब तक महान सफलता पाता रहा, जब तक उसने यह नही कहा, "मेरे पास बहुत कुछ है!" लड़के वह एक वास्तविक सच्चा आज का बना हुआ होगा। क्या वह नही होगा? "यहां तक कि मेरी खत्रियाँ भर गयी है, वे फटी जा रही है। और मेरे पास इतना है, जब तक की मैंने नही कहा, 'ओह, प्राण तू विश्वास कर।'"

216 परंतु उसने आरंभ में क्या किया उसने यीशु मसीह की अगुवाई को स्वीकार किया। उसकी कलीसिया, उसकी बुद्धिमानी, उसकी शिक्षा और सब ने सफलता कि ओर उसकी अगुवाई की। सारे यहूदियों ने उससे प्रेम किया। उसने उन्हें दिया, उसने उनकी सहायता की वह *यह, वो* कर सकता था, या *कुछ* और। परन्तु आप देखते है, उसने यीशु मसीह की अगुवाई को अस्वीकार कर दिया अनंत जीवन को। और वह... बाईबल ने कहा, उसने कहा, "तू मुर्ख, आज रात ही तेरा प्राण ले लिया जायेगा।"

217 और अब हम उसे पाते है (अगली जगह) नरक में; अपनी आंखें उठायी और उस भिखारी को देख रही है, कि उसका भाई अब्राहम की गोद में मुड गया। क्या ही घातक त्रुटी! कैसे वे कलीसियाये ठीक थी जिन मार्गों पर वे गए, परंतु फिर भी उनके पास अनंत जीवन नही था।

218 मुझे एक उपदेश याद आता है, जो अधिक समय नही हुआ, मैंने यहाँ प्रचार किया *एक विचारशील मनुष्य की छलनी*। आपके पास यह हो सकता है। मैं जंगल में हो कर जा रहा था, मैं गिलहरियों का शिकार कर रहा था (इस बाकी काल में) और मैंने नीचे देखा और ठीक है मैं कंपनी का नाम नही ले सकता। आप इसे जानते है। और वहां नीचे एक सिगरेट की डब्बी पड़ी थी। और मैं उसके पास से निकला उसे जंगल में देखा, और मैंने वह डिब्बी वहां पड़ी देखी और फिर पलट कर देखा, इस पर लिखा था, "एक विचार शील मनुष्य की छलनी और धूम्रपान वाले मनुष्य का स्वाद।" और मैं बस जंगल में से निकल रहा था।

219 और पवित्र आत्मा ने कहा, "घूमो और उसे उठाओ।"

220 और मैंने बढ़कर उसे उठा लिया, "एक विचारशील मनुष्य की छलनी, एक धूम्रपान करने वाले मनुष्य का स्वाद।" मैंने सोचा, "अमरीकन यहाँ मृत्यु को अपने ही नागरीको को घुमा कर बेच रही है।" एक विचारशील मनुष्य की छलनी? आप... और एक धूम्रपान करने वाले मनुष्य का स्वाद?

221 मैं विश्व प्रदर्शनी में था, युल ब्रयान के संग... ब्रयनेर और वे वहां पर थे जब वह सारे परिश्रण कर रहा था। और कैसे उसने एक सिगरेट लगाई... और संगमरमर पर से उसमें से धुंआ खेचा... और निकोटीन को पोछा और उसे चूहे की पीठ पर लगाया, एक सफेद चूहा और सात दिनों के अंदर वह कैंसर से इतना भर गया कि वह चल नही सका। और उन्होंने कहा, "आप जानते है, वे इसे एक 'छलनी' कहते है," कहा, "यह एक धोखा है कि अधिक सिगरेट बिके।"

222 यह इतना निकोटिन लेता है कि शैतान को संतुष्ट करे। यह ठीक है। और जब आप छलनी वाली सिगरेट पीते है, तो आप एक के स्थान पर चार सिगरेट पीते है यह एक छल, अधिक सिगरेट बेचने के लिए। आप बिना टार लिये सिगरेट पी ही नही सकते; और टार, आपको कैंसर मिल गया। देखिए, यह कैसे है? यह अन्धे अमेरीकन, कहीं टोपी में से खरगोश को निकलता हुआ देखने की राह में है, वे इसके लिए गिर गए। आप इसे नही ले सकते, यह मृत्यु है मैं चिंता नही करता कि आप किस मार्ग पर जाते है, किसी भी मार्ग पर यह मृत्यु है। "एक विचारशील मनुष्य की छलनी," एक विचारशील मनुष्य इसे कभी नही पीयेगा, यह ठीक बात है, यदि उसके अंदर कहीं विचार है।

223 भाई, मैंने सोचा यह कलीसियाओं को पूरा नही कर सकता। समझे? मैं सोचता हूं, क्या परमेश्वर के पास छलनी है? हाँ।

224 और हर कलीसिया के पास छलनी है। यह ठीक बात है। जो भी अंदर आता है, वे उसे छान लेते है और वे बहुत सी मृत्यु को भी होने देते है।

225 आप नामधारी को कैसे परमेश्वर की छलनी में से निकाल सकते है? आप यह कैसे कर सकते है? आप बाल कटी स्त्री को उस छलनी में से कैसे निकाल सकते है? मुझे बताये आप कैसे कभी उस स्त्री को जो स्लेक पहनती है उसमें से निकाल सकते है "जब कि उसके लिए पुरुष के वस्त्र पहनना घृणित है"? देखिए, परमेश्वर की छलनी उसे वहां पकड़ लेगी, उसे भीतर नही आने देगी (परंतु कलीसिया कि अपनी छलनीयां है।) इसलिए

मैं कहता हूं कि विचारशील मनुष्य की छलनी है और वह परमेश्वर का वचन है और यह पवित्र मनुष्य के स्वाद के अनुकूल है। यह ठीक बात है, एक पवित्र मनुष्य; ना की कलीसिया का पुरुष, परंतु पवित्र मनुष्य का स्वाद। क्योंकि यह शुद्ध है, पवित्रताई, परमेश्वर का वचन मिलावट के वहां एक विचारशील मनुष्य की छलनी है, और कलीसिया सदस्य मैं आपको सलाह देता हूँ कि उसको प्रयोग करें।

226 क्योंकि यह जगत में लाता है, और मृत्यु की एक भाग खमीर का टुकड़ा, थोड़ा सा खमीर सारे आटे को खमीर कर देता है, "जो भी इसमें से एक वचन निकलता है, या इसमें शब्द जोड़ता है, उसका भाग जीवन की पुस्तक में से निकाला जाएगा।"

227 अदन की वाटिका पर, मृत्यु का और सारे दुःख का क्या कारण हुआ हर हृदय घात, हर छोटा मरता हुआ बालक, गले की हर परेशानी, हर एम्बुलेन्स की चिल्लाहट, हर अस्पताल, हर कब्रिस्तान? हवा के संदेह के कारण हुआ, *एक* वचन (ना कि इसका सारा) यह बस इसको मिलावटी कर दिया गया। अब परमेश्वर ने कहा, "मनुष्य," वहां, "उसे परमेश्वर के *हर* वचन का पालन करना था।" अब, यह बाईबल का पहला है।

228 बाईबल के मध्य में, यीशु आया, उसने कहा, "मनुष्य केवल रोटी ही से नही जीवित रहेगा, परंतु *हर* वचन जो परमेश्वर के मुख से निकलता है।" ना कि केवल उसका एक भाग, हर एक।

229 बाईबल के अंत में, प्रकाशितवाक्य 22, यीशु स्वयं ही गवाही देता है। बाईबल का प्रकाशन यीशु मसीह है। और उसने कहा, "जो कोई भी *एक* वचन निकाले या इसमें *एक* वचन मिलाये, उसका भाग जीवन की पुस्तक में से ले लिया जायेगा।"

230 अब, आप *उस* विचारशील मनुष्य की छलनी से जाते है, आपका स्वाद पवित्र मनुष्य का होना ही है, जब आप उसमें से हो कर आते है। ठीक है। आपके पास संतो वाला स्वाद होना ही है।

231 बहन, आप जो वह कपड़े पहनती है इस पर सोचे। आप जाने वाली है... आप कहते है, "मैं अपने पति के लिए गुणवान हूं।" "मै अपने पुरुष मित्र के लिए गुणवान मित्र हूँ।" "मैं गुण संम्पन्न लड़की हूं।" परंतु पापी के विषय में क्या है, जो आपको देखती है? जब वह व्यभिचार के विषय में उत्तर देता है, यह किसने किया? आप दोषी होंगे, देखिए यह वचन

में लिखा है, इसलिए यह है... समझे? ओह, विचारशील महिला। सोचने वाले बनो...

232 आप कह सकते है, "यह हो सकता है... " क्या हो यदि यह इसी प्रकार से हो? उसने ऐसा कहा, और एक भी वचन असफल नही हो सकता। समझे?

233 अधिक समय नही हुआ, एक व्यक्ति ने मुझे बताया, मुझे अपने कमरे में बुलाया कहा, "मैं आपके ऊपर हाथ रखने जा रहा हूं, भाई ब्रन्हम, आप अपनी सेवकाई नष्ट कर रहे है, ऐसी बातें प्रचार करके।"

234 मैंने कहा, "कोई भी जो परमेश्वर के वचन को खराब करे, उसे नष्ट होना चाहिए।" समझे?

235 उसने कहा, "मैं आप पर हाथ रखूँगा।" कहा, "आपको बीमारो के लिए प्रार्थना करने के लिए भेजा गया है।"

236 मैंने कहा, "भाई, क्या आप इन बातों का विषय विश्वास करते है? "

उसने कहा, "नही। परंतु यह हमारा काम नही है।"

मैंने कहा, "तो फिर यह किसका काम है? " देखा?

"भई, " उसने कहा, "यह पास्टरो का काम है।"

237 मैंने कहा, "भक्त मंडली को देखिए।" ओह, यह ठीक बात है। देखा?

238 हर वर्ष मैं इन बातों को प्रचार करते हुए निकलता हूँ, और मैं सोचता हूं, "निश्चय ही यह उन्हें मिलता है, " अगले वर्ष में वापस आता हूं वह कभी से अधिक होता है। देखा? यह ठीक बात है। यह दिखाने जा रहा है, "बहुत से बुलाए गये, परंतु थोड़े चुने गये।"

239 अगुवाई पवित्र आत्मा ही है, मित्र। यह आप को सारे सत्य में ले जाता और अगुवाई करता है जब पवित्र आत्मा आता है। अब इस पर सोचिए। विचारशील मनुष्य की छलनी लिजिए, यह बाईबल है आपका मतसार नही आपकी कलीसिया नही; आप नष्ट हो जायेंगे। विचारशील मनुष्य की छलनी ले लो।

240 यही जहां लड़का नही सोचता। उसने कलीसिया की छलनी ली, वह लोक प्रिय हो गया, एक महान मनुष्य, "परंतु नरक में, पीड़ा में उसने अपनी आंखें उठा कर देखा।"

241 अब आप विचारशील मनुष्य की छलनी लेते है, यीशु मसीह, वचन और आपकी इच्छा पवित्र व्यक्ति का स्वाद होगा, क्योंकि यह इसे संतुष्ट करेगा। यदि आपके अंदर पवित्र आत्मा है। यह इसे संतुष्ट करेगा।

242 आप कहते है, यदि पवित्र आत्मा वहां नही है, “ओह, मैं नही सोचता इसका अर्थ कोई भिन्नता।” देखिए, आपने वहां क्या किया है! यही चीज हवा ने की थी आप ठीक उसी स्थान पर है।

243 अब आईए थोड़ा आगे चले अब आईए हम ले... उस व्यक्ति को वही छोड़े, जो विचारशील मनुष्य की छलनी प्रयोग नही करता। उसने यीशु मसीह की नेतृत्व स्वीकार नही की, उस अनंत जीवन के लिए।

244 अब आईये दूसरे धनी व्यक्ति को ले, युवा व्यापारी, एक शासक उसी के सुअवसर के साथ जो इस व्यक्ति को मिला। और इसे स्वीकार किया, उसने मसीह की अगुवाई को स्वीकार किया। अब इन मे से दो बाईबल में है, जिस विषय में हम बात करने जा रहे है। एक वह जिसे हम देखते है कि इसे अस्वीकार कर दिया, अब आईए इस मनुष्य को लेते है, दूसरा धनी युवा व्यापारी और एक शासक। और उसने नेतृत्व स्वीकार की।

245 वचन हमें इस व्यक्ति के विषय में बताया है, यदि आप इसको चिन्हित करना चाहते है, अब इब्रानी 11:23 से 29 में।

... मूसा ने विश्वास से, फिरौन की बेटी का पुत्र कहलाने से इंकार कर दिया;

बल्कि परमेश्वर के लिए दुख उठाना चुना...

मसीह के कारण निन्दित होने को मिस्र के भंडार से बड़ा धन समझे;...

246 देखिए, उसने अनंत जीवन स्वीकार किया। मूसा ने मसीह के लिए निन्दित होना संसार के सारे धन से अधिक संभावित समझा। मूसा ने उसे अधिक सम्मानित समझा। अब, इस धनी पुरुष ने नही।

247 और मूसा युवा धनी शासक था, कि फिरौन हो जाता, वह फिरौन का पुत्र था और सिहासन का वारिस और उसने असम्भव को देखा गारा बनाने वाला झुण्ड, एक गुलामों का.झुण्ड। परन्तु विश्वास से उसने परमेश्वर की प्रतिज्ञा को वचन के द्वारा देखा कि “उसके लोग परदेस में, चार सौ वर्ष तक गुलाम रहेंगे, परन्तु सामर्थी हाथो के द्वारा बाहर निकाले जायेंगे।” और

उसने उसे महत्त्व दिया (हाल्लेलुय्या) महान धन बजाय मिस्र के भंडार के उसने मिस्र को छोड़ दिया, बिना यह जाने कि वह कहां जा रहा है, उसकी अगुवाई मसीह के द्वारा की गई थी। उसने छोड़ दिया!

248 और उसका कदम सिंहासन पर था और वह मिस्र का अगला फिरौन हो सकता था। परंतु उसने मसीह की निंदा को अधिक सन्मानित समझा। निन्दा! "एक विचित्र," कहलाने को "धर्मान्द" कहलाने को, कि अपना स्थान गारा गूंधने वालो के मध्य में ले और धर्मान्द; क्योंकि उसने उस घड़ी को देख लिया था कि वचन पूरा होने कि प्रतिज्ञा तब वहां पर थी।

249 और ओह कलीसिया, जाग! क्या वही चीज आप आज रात्रि देख सकते है? वह घड़ी जिसकी प्रतिज्ञा की गई है। हम पर है मसीह की निन्दा को अधिक सन्मानित समझा, बजाए किसी और चीज के और संगीत के; यदि यह पिता और माता, कलीसिया या किसी चीज को लेता है। पवित्र आत्मा की अगुवाई के पीछे चले!

250 आईए थोड़ा मसीह के पीछे थोड़ा सा देखें... यह मूसा थोड़े समय के लिए वहां मैंने यह किया; आईये उसके जीवन को देखे। पहली चीज, जब उसने मसीह के लिए निन्दित होना स्वीकार किया और अपनी शिक्षा को छोड़ दिया अपनी सारी बुद्धिमानी छोड़ दी... वह मिस्त्रीयों की बुद्धिमानी में पढ़ाया गया। और उसकी सारी लोकप्रियता उसका सिंहासन, उसका राजदंड और उसकी सत्ता, उसका ताज, हर चीज जो उसके पास थी, उसने उसे अस्वीकार कर दिया!

251 यह दूसरा व्यक्ति इसे चाहता था, और मसीह को अस्वीकार कर दिया; और इस मनुष्य ने यह अस्वीकार कर दिया और मसीह को स्वीकार कर लिया। और तुरंत क्या हुआ? उसे स्वयं को अलग करना पड़ा।

252 हाल्लेलुय्या! शब्द का मतलब "हमारे परमेश्वर की महिमा हो!" यह बहुत बुरा है कि हम इसे भूल रहे है।

253 उसने सिंहासन और लोकप्रियता को अस्वीकार कर दिया। वह एक युवा लड़की को ले सकता था... सैकड़ों पत्नियां और वह मिस्र की आधीनता में राज दंड ले सकता था, संसार का शासक संसार उसके कदमों में था, और उसकी हर चीज का वारिस। परंतु वचन में देखने के द्वारा और उस दिन को देखते हुए जिसमें वह जी रहा था, और जान गया कि उसमें कुछ है कि परमेश्वर का पहले से ठहराया हुआ बीज कार्य करने लगा!

254 मैं चिंता नही करता, आप कितने लोकप्रिय हो सकते है, या *ये* आप कैसे हो सकते है, आप प्रेसपिटेर हो सकते है, आप पास्टर हो सकते है, आप *ये, वह* या *कुछ* हो सकते है, परंतु यदि वह अनंत जीवन का वचन, परमेश्वर का वचन में ठहराया हुआ है, और आप सामने की चीज को देख सकते है, यह कार्य करता है, इस प्रकार बाहर आता है। [भाई ब्रन्हम कई बार चुटकी बजाते है—सम्पा।] बाहर आना आरंभ हो जाता है! इसे लेना आरंभ करता है!

255 और उसने फिरौन की बेटी का पुत्र होने से इंकार कर दिया, क्योंकि उसने मसीह के लिए निन्दित होना मिस्र के सारे भंडार से बड़ा धन समझा या संसार के, उसने उसका सम्मान किया। ध्यान दे उसने क्या किया, वह इसके पीछे चला, और जल्द ही वह अपने लोगों में से बाहर निकाला गया, वे लोग जिन्होंने एक समय उससे प्रेम किया था।

256 हो सकता है हर चीज जो आपके पास है। उससे मूल्य चुकाना पड़े यह आपका घर ले ले, यह आपकी मित्रता को ले ले, यह हो सकता है, यह आपका सिलाई बुनाई झुण्ड का बलिदान ले, यह किवानीस में आपके स्थान का बलिदान ले। यह हो सकता है। मैं नही जानता कि आपको इसका क्या मूल्य देना हो, परंतु हर सांसारिकता या संसार से संबंधित का बलिदान देना होगा। आपको स्वयं को संसार की हर चीज से अलग होना पड़ेगा। आपको यह करना होगा।

257 मूसा ने हर चीज को एक ओर कर दिया और हाथ में छड़ी ले कर रेगिस्तान में चला गया। आमीन! दिन बीतते गए। और आश्चर्य यदि उसने सोचा हो कि उसने गलती कर दी? नही।

258 बहुत सी बार लोग आरंभ करते है, और वे कहते है, "ओह, मैं यह करूंगा। परमेश्वर की महिमा हो, मैं यह देखता हूं!" किसी को अपने ऊपर हंसने दे और आपका उपहास उड़ाने दे, "संभवत: मैं गलत था।"

259 उसने कहा, "वे जो ताड़ना में स्थिर नही रह सकते, वे व्यभिचार की संतान है और परमेश्वर के बालक नही।" देखिये, उन्होंने आवेश में कार्य किया। देखिए, जिस बीज के विषय में मैंने थोड़ी देर पहले बात की वह प्राण वहां आरंभ में था ही नही। यह आत्मा में अभिषिक हुआ और उसने सब प्रकार से किया, ओह, आप, वे… जब आपकी आत्मा अभिषिक होती

है, आप सकते है... यह वास्तविक सच्चा आत्मा है, और फिर भी आप शैतान है।

260 "ओह," आप कहते है, "भाई ब्रन्हम!"

261 झूठे नबी! बाईबल ने कहा कि, "अंत के दिनों में झूठे नबी होंगे।" यीशु ने कहा, "झूठे मसीही खड़े होंगे।" ना ही "झूठे यीशु," अब इसके लिए कोई भी शांत नही है; परन्तु "झूठे मसीही।" *मसीह* का अर्थ "अभिषिक।" झूठे अभिषिक; वे अभिषेक हुए है, परंतु वे अंदर से झूठे है और महान चिन्ह और आश्चर्यकर्म करते है, भाषाओं में बोलते, आत्मा में नाचते, सुसमाचार प्रचार करते।

262 यहूदा स्क्रोती ने यह किया! शिमोन... नही मुझे क्षमा... कैफा ने भविष्वाणी की! बालम, ढोंगी! निश्चय ही वे सारे चिन्ह और हर चीज, सारे धार्मिक कार्यक्रम।

263 परंतु, आप देखिए, और गोखरू का बीज और गेंहू के बीज दोनों को एक ही मिट्टी से डालें और उन पर पानी डालें और उनका अभिषेक करें, वे दोनों आनंद करेंगे वे दोनों उसके द्वारा बढेंगे, एक ही जल। "सूर्य धर्मी और अधर्मी दोनों पर चमकता है, और वर्षा धर्म और अधर्मी दोनों पर होती है, परंतु उनके फलों से तुम उनको जान लोगे।" आप उसे वचन के साथ कैसे बनाए रह सकते है? आमीन। देखिए मेरा क्या अर्थ है? "जल धर्मी और अधर्मी दोनों पर गिरता है," अभिषेक करता है।

264 यीशु ने कहा, "उस दिन वे मेरे पास आएंगे कहते है 'प्रभु! प्रभु! क्या मैंने प्रेत आत्मा को नही निकाला? क्या मैंने भविष्यवाणी नही की? क्या मैंने आपके नाम से महान चीज नही की?'" वह कहेगा, "तुम अधर्म के काम करने वालों, मुझ से दूर हो जाओ, मैं तुम्हें जानता तक नही। अनंत नरक में चले जाओ जो कि शैतान और उसके दूतो के लिए तैयार किया गया है।" आपने देखा? क्या ही वचन है! झूठे। व्यर्थ आराधना करते, व्यर्थ यत्न करते। क्यों आप यह करते है, जब कि आपको यह नही करना है? क्यों आप ऐवज में लेते है, जब की स्वर्ग मूल से भरा पड़ा है? देखा? आपको यह नही करना है।

265 हम पाते हैं मूसा अभिषेक हुआ, उसे कोई वापस नही घुमा सकता। उसके अपने भाईयों ने उसे छोड़ दिया; इस से वह नही रुका वह सीधा जंगल की ओर चला गया और एक दिन वहां वह परमेश्वर से आमने-सामने

मिला, अग्नि स्तंभ के साथ झाड़ी पर। कहा, "मूसा अपने जूते उतार, जिस भूमि पर तू खड़ा है, वह पवित्र है, क्योंकि मैंने अपने लोगों की चिल्लाहट को सुना है, मैंने उनके रोने को सुना है, और मुझे अपने वचन की प्रतिज्ञा स्मरण आती है। और मैं नीचे आ रहा हूं, मैं तुझे वहां भेजने जा रहा हूं कि उन्हें बाहर ले आऊं।" निश्चय ही। वह परमेश्वर से आमने–सामने मिला, उसने उससे बातें की। उसे परमेश्वर के द्वारा अधिकार दिया गया।

266 परमेश्वर सीधा वापस आया, वही अग्नि स्तंभ, नबी को वहां पहाड़ पर खड़े हुए प्रमाणित किया, यह सिद्ध करने को कि यह था, जब उसने अपना हाथ लेकर सब प्रकार के आश्चर्य कर्म किए और आदि–आदि, ओह, उनके पास नकल करने वाले थे। ओह, निश्चय ही। वहां यर्नेस और यब्रेस वही आस–पास खड़े थे, उन्होंने वही चीज की। परंतु मूल कौन था? समझे? यह कहां से आरंभ हुआ? क्या यह वचन से आया? क्या वह घड़ी थी?

267 और क्या आप जानते है कि अंत के दिनों में उसी चीज की प्रतिज्ञा फिर से की गई है? "जैसे यर्नेस और यब्रेस ने मूसा का सामना किया, ऐसे ही ये लोग करेंगे, सत्य के विषय में भ्रष्ट बुद्धि।" देखिये, अंत के दिनों में, और वही चीज करते है (हर चीज की नकल करते है) ठीक उसी नाली में, "सुअरी अपनी कीचड़ में जा रही है, और कुत्ता अपनी उल्टी पर।"

268 तुम पेंटीकोस्टल तुम जो वर्षों पहले उन संस्थाओं में से बाहर निकले और उन्हें कोसा, तुम्हारे पिता और माताओं ने और तुम फिर वापस घूमें और वही किया जो उन्होंने किया और अब वही कीचड़ और उल्टी। समझे? यदि आरंभिक पेंटीकोस्टल युग में, इससे उन्हें उल्टी हुई तो फिर आज भी उन्हें इससे उल्टी होगी। समझे? यह होना ही है यद्यपि यह भूसी है इसे आना ही है। केवल फुन्दनी यह नही हो सकती; भूसी को भी आना है, देखिए, सवाहक। अब हम *अंत* के दिनों में रह रहे है, उन बातों पर ध्यान दे, जिनकी प्रतिज्ञा इस घड़ी के लिये हुयी है।

269 ध्यान दे इस मूसा कि पृष्टी हो गयी। जानते है! जब यह वहां पहुंचा उसके अपने ही भाई उसके विरोध में हो गए, एक संस्था बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, "तू ऐसा व्यवहार करता है, जैसे केवल तू ही हमारे बीच में पवित्र है।" "सारी मंडली पवित्र है," कोरह और दातान ने कहा। "चलिए हम कुछ पुरुषों को चुने और कुछ करें।"

270 मूसा वह... मुझे उनके लिए खेद है। वह गया बोला, “प्रभु... ” वेदी के सामने गिर पड़ा और कहा, “प्रभु!”

271 परमेश्वर ने कहा, “अपने आप को उनसे अलग कर। बस अब से बहुत हो गया।” बस भूसी को खोला और उन्हें निगल लिया, बस यही देखा, वह अपना प्राधिकार जानता था।

272 परमेश्वर संस्थाओं से व्यवहार नही रखता, वह झुंडो से व्यवहार नही रखता। वह व्यक्ति से व्यवहार करता है। यह ठीक बात है। सदा से। झुंडो से नही; व्यक्तिगत, एक व्यक्ति। अंत के दिनों में, उसने कहा, “मैं द्वार पर खड़ा खटखटाता हूँ, और यदि कोई मनुष्य... ” (“कोई झुण्ड” नही) “... कोई भी मनुष्य मेरा शब्द सुनता है, मैं करूंगा... और मेरी सुनता है, मैं उसके पास आऊंगा और खाना खाऊंगा,” देखिये, “यदि कोई मनुष्य सुन सकता है।”

273 कैसे सकता है—कैसे यह माईक्रोफोन मेरी आवाज निकाल सकता है, जब तक कि उसे इस प्रकार ना बनाया जाए? मैं उस परिषद के विरोध में अपनी सारी सामर्थ से चिल्ला सकता हूं। और इससे कुछ नही होगा, क्योंकि यह ठहराया हुआ है, और बनाया, रचा गया है, एक माक्रोफोन। और यदि परमेश्वर का वचन आप में परमेश्वर के द्वारा पहले से अभिषेक के द्वारा, आप में, “मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है। वे मेरी घड़ी को जानते है। अनजान के पीछे वे नही जायेंगी।” समझे? इसे पहले वह होना है, “वह सब जो पिता ने मुझे दिया है, वे ही आयेंगे।” उन में से प्रत्येक, देखिये।

274 अब वह बदता जाता है, यहां जीवन के अंत में। वह केवल निकल गया... ध्यान दें जब वह मार्ग के अंत में आया।

275 और अब हम बंद कर रहे है, क्योंकि हमें देर हो रही है 10 बजने को 25 मिनट है। ध्यान दे। अब घर पर है जल्दी है। लगभग दो या तीन बज़े हम कहने लगते है, “कहते है, यह थोड़ी देर हो गई है।” समझे? देखा? परंतु अब मैंने कई रात्रि प्रचार किया है, सारी रात।

276 पौलुस ने यही सुसमाचार अपने दिन में प्रचार किया और एक युवा दीवार पर से गिर गया और स्वयं ही मर गया। और पौलुस, उसी अभिषेक के साथ वही शुभ संदेश, अपनी देह पर डाल दी वह फिर से जीवित हो गया। वे रुची ले रहे थे। कलीसिया बन रही थी। कुछ घटित हो रहा था। ध्यान दे यहां क्या घटित हो रहा था।

277 मूसा, जब वह आया...

278 यह धनी मनुष्य, जब यह आया, यह युवा शासक जिसके विषय में हमने बात की धार्मिक और कलीसिया से जुड़ा हुआ और सारी बातें अच्छा शिक्षित, एक अच्छा व्यापारी और सब कुछ जब वह मार्ग के अंत में आया वह चिल्लाने लगा, “वहां कदम रखने की जगह ना थी!” उसकी अगुवाई कहाँ गयी? उसकी अगुवाई उसकी कलीसिया के द्वारा हुई, जो की मरी हुई थी, उसका मार्ग दर्शन मरे हुए संसार के द्वारा हुआ था और वहां कुछ नही था कि जहां वह अपना कदम बढ़ाता, परंतु संसार ने उसके लिए क्या तैयार किया: नरक।

279 परंतु यहाँ मूसा आता है, एक निष्ठावान सेवक जिसने मसीह कि निन्दा को महान धन महत्व दिया बजाये मिस्र के सारे धन के। वह अंत में आ गया, एक बूढ़े मनुष्य 120 वर्ष का बूढ़ा। पहाड़ पर चढ़ गया और जान गया कि मृत्यु सामने है, और उसने प्रतिज्ञा के देश की ओर देखा और उसने देखा, उधर उसके बराबर में, वहां उसका अगुवा था, एक चट्टान। उसने चट्टान पर कदम रखा, और परमेश्वर का दूत उसे परमेश्वर की महिमा में ले गया, परमेश्वर की गोद में। क्यों? आठ सौ वर्षो पश्चात, वह अपने अगुवे की अगुवाई में है।

280 हम उसे रूपांतरण वाले पर्वत पर पाते है, वहां ऐलिय्याह के साथ खड़ा है, और यीशु के क्रूस पर चढ़ने के पहले उससे बाते कर रहा है मृत्यु के आठ सौ वर्षो पश्चात। वही जो उसने अपनी सेवकाई की निन्दा को महान धन का सन्मान दिया, बजाये संसार की सारी लोकप्रियता और संसार का सारा धन, उसका अगुवा अब भी उसकी अगुवाई कर रहा है। ओह प्रभु! उसकी अगुवाई की गई थी! उसका अगुवा, उसकी अगुवाई मृत्यु में से होकर हुई, मृत्यु की छाया में से, उसकी कब्र तक अगुवाई हुई। सैकड़ों वर्षो पश्चात, वह फिर से वहां खड़ा है जैसे उसकी युवावस्था, उसने पवित्र आत्मा के नेतृत्व को चुना था। जब मिस्र ना होगा उसका नाम महान रहेगा या वह धन। जब पिरामिड धूल में मिल जाएगा जब मिस्र, मिस्र ना रहेगा मूसा मनुष्यो में अमर रहेगा, क्योंकि उसने मसीह की अगुवाई स्वीकार की, बजाये अपनी कलीसिया कि राह पर जाने के।

281 दूसरे भी है जिन्होंने यही किया। हनोक को देखें। वह परमेश्वर के साथ पांच सौ वर्षों तक चला, और उसकी यह गवाही थी कि “उसने परमेश्वर

को प्रसन्न किया।" परमेश्वर ने इसे प्रमाणित किया और कहा, "तुझे मरने की आवश्यकता नही है, इस दोपहर पश्चात तू बस ऊपर घर को आ जा।" और वह चला गया।

282 और ऐलिय्याह। बाल कटी स्त्रियों पर चिल्लाने के पश्चात और सब कुछ, जैसा उसने अपने दिन में किया इजाबेले, अपने रंगों के साथ पश्चात वह इससे भर गया, और जो वह सकता था करने के बाद और वे सारे याजक उसका उपहास उड़ा रहे थे और सब कुछ आदि–आदि एक दिन वह वहां नदी पर गया। और नदी के पार, घोड़े झाड़ी में बंधे हुए थे, एक आग का रथ और आग के घोड़े। वह सीधा उस पर चढ़ा, अपना वस्त्र अगले भविष्यवक्ता के लिये फैका, जिसने उसका अनुकरण किया था और स्वर्ग को चला गया। उसने अनंत जीवन कि अगुवाई को स्वीकार किया था, क्योंकि यह मसीह था, जो ऐलिय्याह में था। ओह! हां श्रीमान!

283 यह क्या था? "मेरे पीछे चलो!" आपको *अपना* अगुवा चुनना चाहिए, आपको मित्रों चुनना ही है। परमेश्वर के दर्पण में देखिए, बाईबल में, और देखिए आज रात्रि आप कहां है।

284 एक छोटी कहानी, एक बार एक छोटा लड़का, एक गांव में था, उसने कभी भी दर्पण नही देखा था, और वह एक शहर में अपनी मां की बहन को मिलने आया और उसका घर था... पुराने तरह के घरों में दर्पण दरवाजे में लगा होता था; मैं नही जानता कि आपको याद है कि नही। परंतु यह छोटा लड़का, इसने कभी दर्पण नही देखा था, वह घर में इधर–उधर खेल रहा था और उसने देखा... "ओह? " उसने उस छोटे लड़के को देखा और उसने हाथ हिलाया और उस छोटे लड़के ने हिलाया। उसने अपना कान खींचा, उस छोटे लड़के ने अपना कान खींचा। और इस प्रकार से वह चलता रहा, पास आया, और वह घूमा और बोला, "मामा! यह मैं हूं! यह मैं हूं!"

285 *आप* कैसे दिखाई पड़ते है? *आप* किसके पीछे चल रहे है? हमने क्या किया है? आपको अपना *अगुवा* चुनना चाहिए। आज ही चुनिए। आप जीवन या मृत्यु चुनिए। आपका चुनाव आपका अनंत पड़ाव तय करेगा कि आप क्या चुनते है। स्मरण रखे, यीशु ने कहा, "मेरे पीछे चलो।" और आज रात्रि आपको ऐसा करने का निमंत्रण है। और अनंत जीवन के लिए उसका अनुकरण करें, आपको उसकी ही शर्तों पर आना चाहिए यह ठीक

बात है, वचन। ना की मतसार पर, ना लोगों कि राय पर, ना ही कि कोई इस विषय में क्या सोचता है, परंतु उस पर जो परमेश्वर ने इस विषय में कहा है।

286 आप कहते, "भई, भाई ब्रन्हम, मैं एक महिला को जानता हूं उतनी ही अच्छी है जितनी हो सकती है, वह *यह* करती है, मैं एक व्यक्ति को जानता हूं जो *इस* से हो कर निकला है।"

287 जो उन्होंने किया उसमें मैं कुछ नही कर सकता परमेश्वर का वचन उसने कहा, "हर मनुष्य का वचन झूठा, और मेरा सच्चा।" आपको उसके ही शब्दों पर आना है उसकी ही शर्तों पर, वचन पर आप मतसार के द्वारा नही आ सकते। आप नामधारी के द्वारा नही आ सकते। आप इस प्रकार से मिलावट नही कर सकते। केवल एक ही चीज है जो आप कर सकते है, उसके ही शब्दों पर इसे स्वीकार करें कि आप स्वयं में मरने की इच्छा कर रहे है, और आपके सारे विचार और उसका अनुकरण करें। "संसार की सारी चीजों को छोड़ दे, और मेरे पीछे हो ले।"

288 मैं जानता हूं यह कठोर काटने वाला संदेश है, भाई। परंतु मैं यहां इसलिए नही आया, कि लोगों के लिए एक संदेश चुनू और वे गाए चिल्लाये, शोर करे। मैं मूर्ति पूजको की सभाओ में था, उन्होंने यही चीज की। मैं आपके जीवन में रुची रखता हूं। मैं परमेश्वर का दास हूं, मुझे एक दिन परमेश्वर को उत्तर देना है, और जो सेवकाई प्रभु ने मुझे दी है यह आपके सामने हजारों बार प्रमाणित हो चुकी है।

289 स्मरण रहे, यीशु ने कहा, "मेरे पीछे आओ। मेरे पीछे आओ जो तुम्हारे पास है उसे छोड़ो, और मेरे पीछे चलो।" और केवल यही मार्ग है कि अनंत जीवन मिले। केवल यही इलाज उसने इस व्यक्ति को दिया, केवल एक ही इलाज उसने इस व्यापारी को दिया, केवल यही इलाज वह किसी भी व्यक्ति को देता है। उसका चुनाव उसका निर्णय यह हर बार सिद्ध है और हमें *उसके* पीछे चलना चाहिए, केवल यही मार्ग है कि अनंत जीवन पाये। इसलिए परमेश्वर का नेतृत्व: समय के प्रमाणित वचन के पीछे चले, पवित्र आत्मा के द्वारा।

आईये अपने सिरों को झुकाये।

290 मैं आपसे एक प्रश्न करने जा रहा हूं और मैं चाहता हूं कि आप वास्तव में निष्ठावान रहे मैं चाहता हूं कि बहन मेरे लिए बजाए, *मैं अपने बचाने वाले*

की बुलाहट सुन सकता हूं। मैं जानता हूं कि यह पुराने समय की वेदी पर बुलाहट। और भाई बहन जैसे कि हम देखते है, जरा देखिए आज क्या चल रहा है। अब अपने झुके हुए सिरों के साथ, जरा एक मिनट के लिए सोचिए कि घटित हो रहा है।

291 क्या आपने पिछले सप्ताह का अखबार पढ़ा इंग्लैंड में उस व्यक्ति ने क्या कहा? कि, "यीशु मसीह का क्रूस पर चढ़ाया जाना केवल एक झूठ था, ये पिलातूस और उसके बीच तय था।"

292 क्या आपने देखा अमेरिकन धर्मज्ञानी ने क्या कहा? उसने कहा कि "यीशु को विशाल मूख घास से सुला दिया गया था।" आप में से बहुत से धर्म विज्ञानी यह जानते है, पीछे वहां उत्पत्ति में जहां इस विशाल मूख घास की बात की गई है, मैं तुझे ऐसे सुला दूंगा, जैसे तू मर गया हो तेरा ह्रदय दो तीन के लिए एक समय में कठिनता से घडकेगा। "और जब उन्होंने सिरका और पित्त दिया," उन्होंने कहा, "वह विशाल मूख घास थी और उन्होंने उसे कब्र में रख दिया, और वह वहां तीन दिन के लिए सो गया। और निसंदेह जब वे वहां गए उन्होंने उसे घूमते हुए पाया।" क्या आप इसकी कल्पना कर सकते है? धर्मज्ञानी, धर्म विद्यालय, बनावटी विश्वास। तब कैसे इस संसार में... पहले स्थान पर बाईबल ने कहा उसने इसका इंकार कर दिया, जब उन्होंने सिरका और पित्त मिला कर उसके मुंह पर लगाया।

293 और दूसरी बात, यदि यह ऐसा था तो क्यों फिर उसके चेले "आकर उसे चुरा कर ले गए," क्यों उन्होंने अपना जीवन उसके लिए बलिदान कर दिया? और इस बात को मापा, कि वे इस बात के भी योग्य ना थे कि वे वैसे मरे जैसे वह मरा, उन्हें उल्टा लटकाया, और क्रूस पर आडा आदि लटकाया। और यही वे... जानते थे कि वह एक ढोगी है और वे स्वयं भी ढोगी है, तो कैसे वे अपना जीवन उसके लिए इस प्रकार से देते?

294 ओह, आप देखते है यह इस बुद्धिमानी के दिन में जिस में हम रह रहे है शिक्षा, सभ्यता और आधुनिक रिवाज आज के, यह सब शैतान का है "सभ्यता शैतान की है?" जी हां, श्रीमान! बाईबल कहती है यह है। इस सभ्यता में मृत्यु है। "क्या दूसरे संसार में हमारी ऐसी सभ्यता होगी?" नही श्रीमान! हमारी सभ्यता भिन्न प्रकार की होगी शिक्षा और यह सारी चीजें शैतान की है; विज्ञान प्रकृतिक चीजों में मिलावट, कुछ और बना रहे है।

295 देखिए उन्होंने आपके साथ क्या किया है, जब युवा महिलाए... *रीडर डाईजेस्ट* ने कहा एक सप्ताह के बाद... पिछले से पिछले महीने, मैं सोचता हूं यही था। *रीडर डाईजेस्ट* ने कहा कि "युवा पुरुष और युवा महिलाये अघेड अवस्था से निकल रहे है, स्त्रियां बीस से पच्चीस वर्ष के बीच में रजनोवृति अवस्था में है।" एक और पीढ़ी, वे कुछ नही होगा केवल... यह भयानक दिखेगा। समझे? क्या ही जीव होगा, मुलायम, गंदा। उस आत्मा को देखिए, देखिए आत्मा ने कलीसिया को कैसे किया, मिलावटी संसार के साथ विवाह किया। ओह, क्या घड़ी है! भागो! बालको! भागो! क्रूस की ओर भागो! मसीह के पास आ जाओ, उसे अपनी अगुवाई करने दो।

296 जबकी हमने अपने सिर को झुकाये हुये है, हमारी आंखें बंद है, और कृपा करके अपने ह्रदय को भी झुकाये इसी समय। क्या आप करेंगे? मैं आप से एक प्रश्न करना चाहता हूं, क्या आप वास्तव में स्वयं, परमेश्वर की ओर देख रहे है? और क्या आप अनुभव कर रहे है कि आप वहां नही है, जहां आपको होना चाहिए इस घड़ी में? क्योंकि स्वर्ग रोहण किसी भी समय हो सकता है। देखिए, क्या आएगा।

297 यह केवल तभी होगा यदि वह वक्तव्य जो मैंने थोड़ी देर पहले दिया सत्य है वहां लगभग केवल 500 लोग स्वर्गारोहण में होने जो जीवित है, वे बदल जायेंगे। क्यों, सारे मसीही जगत को एक साथ मिला ले, कैथोलिक और सारे केवल पांच सौ करोड़ लोग, जो मसीहत का दावा करते है। और दस लाख में से एक पांच सौ लोग हुए। इतने लोग हर रोज गायब होते है, इस संसार में, जिनको कि हम गिनते भी नही। देखिये, वह आएगा और आप जान भी नही पाएंगे लोग बचने का प्रचार करते रहेंगे और कहते रहेगे... देखिए, यह बीत भी जाएगा।

298 जैसे यीशु ने कहा। उन्होंने कहा, चेलो ने कहा, "शास्त्री क्यों कहते है, 'ऐलिय्याह को पहले आना है'? "

299 उसने कहा, "वह तो आ चुका और ना जाना, परंतु उन्होंने उसके साथ वही किया, जो उन्होंने कहा कि वे करेंगे।"

300 आप जानते है कि आप परमेश्वर के साथ ठीक नही है, और आप चाहते है कि आपको याद किया जाए... परमेश्वर के सामने, ताकि परमेश्वर आपके ह्रदय को परमेश्वर के साथ सही कर दे। क्या आप अब नम्र होना चाहिए, इस शांत घड़ी में, तो अपने हाथ उठाए? मैं चिंता नही करता कि आप कौन

है, क्या आप यह करेंगे? आप कहते है, “मैं अपना हाथ परमेश्वर की ओर उठाता हूं।” परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे।

301 क्या आप दर्पण में देख रहे है? मैं आप से मसीह के नाम में पूछता हूं क्या आप परमेश्वर के दर्पण में देख रहे है? [एक भाई अन्य भाषा में बोलता है, और एक भाई उसका अनुवाद करता है।—सम्पा।] आमीन।

302 मैं आप से एक बात पूछना चाहता हूं। आप में से यहां कितने पेंटीकोस्टल है? आप हाथ उठाए, पेंटीकोस्टल है। सही में आप में से प्रत्येक। अब यहां कितने अपने आपको मसीह होने का दावा करते है? अपने हाथ उठाए आप जहां कहीं भी है, मसीही होने का दावा करते है। क्या आपको मालूम है बाईबल ने इस विषय में कहा है कि यह घटित होगा?

303 यह पुराने नियम में भी हुआ है, जब वे भटक रहे थे कि वे क्या करेंगे वह घेराव जो आ रहा था, कैसे वे बच सकेंगे। आत्मा एक मनुष्य पर उतरा उसने भविष्यवाणी करके उन्हें बताया कि शत्रु से कहां मिले, और कैसे, क्या शत्रु पर कब्जा करे। वह पुराना नियम था, वैसे ही जैसा नया।

304 अब कोई कह सकता है, “वह मनुष्य, ओह, वह ऐसा नही था।” परंतु क्या यदि ऐसा है? आप कहते है, “ओह, मैंने *यह* पहले सुना है।” परन्तु क्या हो यदि *यह* ऐसा है? आप देखिए, तो यह, ये सिद्ध करता है यहाँ बहुत से है जिन्हें ह्रदय परिवर्तन की आवश्यकता है, यदि यह पवित्र आत्मा बोल रहा है। कुछ चीजें हैं, जिन्हें करने की आवश्यकता है, इसलिए ये अब आपके साथ है।

> जैसा मैं हूं, बगैर एक बात,
> परंतु तेरा लहू मेरे लिए बहाया गया
> और तू जो यत्न करता है…

यही जो, उसने तुझे पुकारा तो फिर।

> … तुझे,
> ओह परमेश्वर के मेम्ने…

“मैं हठीला हदय निकाल दूंगा, और मांस का ह्रदय डालूंगा, इसमें जो मेरे लिए फल लायेगा।” समझे?

... आओ!
जैसा मैं हूँ, तू मुझे स्वीकार कर ले
क्या करेगा...

क्या आज रात्रि आप अपना चुनाव करेंगे? आप चाहे जो भी सुन ले।

... शुद्ध

आप कहते है, "मैंने यह पहले सुना है" परंतु हो सकता है, इस बार इसे आप *अंतिम* बार सुने।

क्योंकि मैं तेरी प्रतिज्ञा पर विश्वास करता हूं,

पुराने समय की वेदी पर बुलाहट, आज यह चलन नही रहा परंतु परमेश्वर अब भी उन में कार्य करता है। क्या आप अनुभव नही कर सकते कि यह आप पर कार्य करता है, कलीसिया?

... मैं आता हूं!

305 [भाई ब्रन्हम गुनगुनाते है *जैसा मैं हूं*—सम्पा।] ओह, आज सोचे ह्रदय पत्थरीले होते जा रहे है संसार से भरे हुये, कोई अंतर नही कलीसिया के सदस्य, गुनगुने, जैसा वह धनी व्यक्ति युवा शासक; और नही जानते कि महान पवित्र आत्मा खड़ा हुआ, इस लौदिकिया काल में द्वारा खटखटा रहा है, "वह जो मेरा शब्द सुनता है (वचन), अपना ह्रदय खोलेंगे, मैं उसके पास भीतर आऊंगा, और उसके संग खाना खाऊंगा।"

306 और आत्मा कुछ मिनटों पहले इस भाई के द्वारा बोल रहा था, कहा, "मैं तेरे अंदर से पत्थर वाला ह्रदय निकाल दूंगा और तुझे मांस का ह्रदय दूंगा, परमेश्वर के प्रति मुलायम।" देखिए यह अब कैसा हो गया, बस एक—एक बुद्धि वाला, भावुक। समझे? ना कि एक कोमल ह्रदय प्रेम से भरा हुआ और मसीह की ओर मिठास।

307 [भाई ब्रन्हम कोरस गाना आरंभ करते है।—सम्पा] क्या आप इस प्रकार का ह्रदय नही चाहते? आप कैसे बुद्धि वाले विचारधारा से मसीह का सामना करने जा रहे है? आपको अनंत जीवन स्वीकार करना ही है।

... बहाया था...

तैयारी लहू के द्वारा की गई थी।

और तू जो प्रयत्न करता है...

उसने क्या किया? अपना लहू बहाया और अब तेरे लिए यत्न कर रहा है कि, “आ जा।”

... तेरा
ओह परमेश्वर के मेम्ने, मैं आता हूं मैं आता हूं!

308 अब आईए, प्रत्येक मसीह, अब शांति से अपने हाथ उठाए और प्रार्थना करें।

309 ओह परमेश्वर, प्रभु कृपा करें, इस दिन को समझे जिस में हम रहे है। ओह, पिता यह कितना कठिन है। शैतान ने लोगों के साथ इतना किया है कि उनके हृदय पत्थर के हो गए है। आपका आत्मा सीधा–सीधा बोलता है, आपका वचन सामने आता है, प्रमाणित है परंतु पुराने समय का, नया जन्म पाने का अनुभव वे... यह नामधारी में हो गया, बुद्धिमानी का विचार। बहुत सारा संगीत, बहुत सारा चिल्लाना और बहुत कुछ चलाते रहना। परंतु वास्तव में मांस का हृदय, वह आत्मा, वह अनंत जीवन, निश्चय ही यह कलीसिया के लिए अनजानी सी बातें हो गई।

310 परमेश्वर, यह मेरा अपना हृदय तोड़ देता है और मैं एक पापी आपके अनुग्रह से बचाया गया। मुझे इतना बुरा लगता है, पिता, इस कलीसिया को देखते हुए, जिसके लिए आप मरे वह कलीसिया जिसे आप छुड़ाने का यत्न कर रहे है। मैं उस दर्शन के विषय में सोचता हूं जो अपने सुयुक राज्य की कलीसिया और दुसरे देशो के विषय में दिया कितनी भयानक दिखती है, नाच गाना, नंगापन यह था। परंतु कहीं साथ ही मैंने दूसरी आशीषित वाली को देखा।

311 पिता मैं प्रार्थना करता हूं, यदि आज रात्रि कोई यहां है जो जीवन के लिए ठहराया हुआ है या इसे स्वीकार करना चाहता है कि यही घड़ी होगी कि वे यह करेंगे, प्रभु इसे प्रदान करें। अब पत्थर वाले हृदय को तोड़ दे और संसार का पुराना हृदय। और यदि वे शांति चाहते है, कुछ चाहते है जो संतुष्ट करें कुछ ऐसा जो भरोसा देता है, तो होने दे आज रात्रि ये मसीह की अगुवाई को स्वीकार करें कि उस शांति के लिए अगुवाई करे, जो सारी समझ को रखती है, ना बता सकने वाला आनंद और महिमा से भरा हुआ या यहां तक की कुछ कि मृत्यु भी हानि ना पहुंचा सके पिता, इसे प्रदान करें।

312 अब अपने उठे हुए हाथ, मुझे आश्चर्य यदि… अब कितने इस भवन में है, जो कहेंगे, “मैं खड़ा होने जा रहा हूं।” अब, मैं चिंता नही करता कि आपके बराबर में कौन बैठा है, यह परमेश्वर आप से बातें कर रहा है। और आप क्या वास्तव में वास्तविक मसीही होना चाहते है। समझे? कुछ भी… जब तक कि यह कोई नकल ना हो; ओह, इससे बल्की मैं बाहर चला जाऊंगा और संसार में हो जाऊं। मैं विश्वास करता हूं कि आप भी करेंगे।

313 अब, जरा अपने आप को वचन से जांचे संदेश के द्वारा जांचे कि वास्तविक मसीही को क्या होना चाहिए; मजबूत, प्रेम करने वाला, ना कि वह जो आधुनिक मसीहत वाला। क्यों, यह मुलायम, लचीला, आधा मरा हुआ, सड़ा हुआ, मिलावटी। देखिए, यह वास्तविक मसीहत नही है किसी भी तरह रहे, और कलीसिया के सदस्य बने रहे। क्या आप मसीह की मीठी संगती नही चाहते, पवित्र आत्मा जो कि आप… आपके ह्रदय कि वचन के साथ पुष्टि, सीधे मसीह में चले जाये? यदि आप यह चाहते है और चाहते है कि परमेश्वर आपके खड़े रहने को देखें, आज रात्रि लोगों के इस झुंड में, यदि आप बस यह करे।

314 आप कहते है, “क्या इसका कोई अर्थ होगा, भाई ब्रन्हम? ”

315 ओह, हाँ, निश्चय ही यह करता है। “यदि तुम मुझ से मनुष्य के सामने लजाओगे, तो मैं अपने पिता के सामने और पवित्र दूतों के सामने लज्जित होऊंगा। परन्तु वह जो मुझे मान लेगा, और मेरे लिए इस देश में खड़ा होगा, तो उसके लिए मैं उस देश में खड़ा होऊंगा। उसे मैं अपने पिता के सामने मान लूंगा।”

316 अब कोई मतलब नही कि आप कौन है, स्त्री या पुरुष, लड़का या लड़की, आप जो भी है, मसीही है या मसीही नही है, सेवक, डीकन आप जो भी है, यदि आप केवल अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करेंगे एक क्षण और आज रात्रि इतना करें कि बस परमेश्वर जान जाए कि आप निष्ठावान है। “परमेश्वर… ”

317 “अब देखिये, मैं पेंटीकोस्टल हूं, ” आप कहते है, “मैं *यह* हूं, ” या आप जो भी है, “मैं आत्मा में नाचता हूँ। परन्तु भाई ब्रन्हम, मैंने सोचा, जब तक यह हमारे पास था, हमारे पास था।” आपके पास नही है।

318 यदि आप मेरा परमेश्वर का भविष्यवक्ता होने का विश्वास करते है आप मेरे शब्द सुनिए। समझे? आज के दिन में यह धोखा है। क्या बाईबल ने

नही कहा, "यह इतना मिलता जुलता होगा कि यह यदि संभव हो तो चुने हुओं को धोखा दे दे"? *चुने* हुए "अंदर प्राणों में।"

319 परंतु यदि आप आत्मा में नाचे, और फिर भी संसार की चीजों के साथ है, तो फिर कुछ गड़बड़ है। यदि आप अन्य–अन्य भाषा बोलते है; पौलुस ने कहा, "मैं मनुष्य और स्वर्गदूतों की बोली बोल सकता हूं, और तब भी बचा हुआ नही हूं।" ओह, दोनों प्रकार के देखा। "मैं सारे भावनात्मक कर सकता हूं, मेरे पास विश्वास हो सकता है कि मैं सुसमाचार प्रचार कर सकता हूं, मैं कंगालों को खिलाने के लिए अपना सब कुछ दे सकता हूं। मैं मिशन के कार्य क्षेत्र में वचन को ले जा सकता हूं... और फिर भी कुछ नही।" देखिये? यह अंदर बिल्कुल अंदर है, भाई। जब आप मरते है, आपकी आत्मा टूट जाती है, यह अपनी उड़ान भरनी है, परन्तु आपका प्राण जीवित रहता है। समझे?

320 अब आप स्वयं को देखें वास्तव में, क्या आप बाईबल के वास्तविक मसीही है, परमेश्वर के प्रेम से भरे हुए? स्मरण रहे, बाईबल ने कहा कि अंत के दिनों में जब यह समय घटित होगा। उसने कहा, "एक चिन्ह करने वाला दूत कलीसियाओ में से हो कर निकला, नगरों में से हो कर निकला और *केवल* उन लोगों को चिन्हित किया, जो कि घुणित वस्तू के लिए आहे भरते और रोते है, जो नगर में किया जाता है।" क्या यह ठीक बात है? यहेजकेल 9, हम जानते है कि यह सत्य है। चिन्ह करने वाला दूत आगे बढ़ा और उनके माथे पर चिन्ह लगाया, उन्हें मोहर बंद किया, "वे जो आहे भरते और रोते।"

321 उसके पश्चात वध करने वाले दूत आते है, पृथ्वी के चारों कोनों से, जो कि सीधे आ रहे है, हम यह आते देख रहे है, युद्ध आगे बढ़ रहे है, जो कि सारी पृथ्वी को मार डालेगा, यहां ऐसा कुछ नही जिसे वे ना छु सके सिवाये उनके जिन्हे चिन्हत किया गया।

322 अब ले ले... क्या आपका ह्रदय पापियों के विषय में इतना सोचता है, और जिस प्रकार कलीसिया और लोग कर रहे है, जब तक कि इस विषय में आप रात दिन आह ना भरे और चिल्ला सके, यदि ऐसा नही मुझे आश्चर्य है, यह वचन है।

323 क्या आप खड़े हो कर कहेंगे, "प्रिय परमेश्वर मैं इसलिए खड़ा नही हूँ क्योंकि भाई ब्रन्हम ने ऐसा कहा है, परंतु मैंने उसके वचन को *यह* कहते

सुना है, और मैं *यह* करने जा रहा हूं। प्रभु, मैं आपके लिए खड़ा हूं। मैं आवश्यकता में हूं, प्रभु। क्या आज रात्रि आप मेरी आवश्यकता को पूरा करेंगे यहाँ इस स्थान में? जहां मैं खड़ा हूं।" परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं आवश्यकता में हूं, मैं चाहता हूं कि आप मुझ पर अनुग्रह करें।" परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं इस प्रकार का मसीही होना चाहता हूं कि... "

324 अब, याद रखे जो व्यक्ति आपके बराबर में खड़ा है वैसा ही व्यक्ति है जैसे आप मैं चाहता हूं कि आप बढ़कर उनके हाथ को पकड़ ले कहे, "भाई, बहन, अब मेरे लिए प्रार्थना करे। मैं चाहता हूं कि आप मेरे लिए प्रार्थना करें... " इसे अपनी सारी मसीही निष्ठा से कहे, "मेरे लिए प्रार्थना करें... मैं परमेश्वर के साथ ठीक होना चाहता हूं। आप मेरे लिए प्रार्थना करें, मैं प्रार्थना करने जा रहा हूं कि परमेश्वर आपको अवसर दे।"

325 मैं जानता हूं कि हम... हम यहां अधिक देर तक नही रुक सकते आप जानते है। हम अंत के समय में है। वे सब जो विश्वास करते है, "आमीन" कहे। [सभा कहती है, "आमीन!"—सम्पा।] हम... वहां कुछ नही घुटा सब कुछ चला गया। कलीसियाये एकता वर्धक याने (Ecumenical) सभा के लिए बढ़ गई है। संसार...

326 इधर देखिए! क्या आप जानते है कि प्रभु ने लॉस एंजिलिस के लिए क्या कहा है और इन जगहों के लिए? "यह समाप्त हो गयी!" आपको याद है, मैंने आपको लगभग दो वर्ष पहले क्या बताया था कि कनाडा में भूकंप कैसे आएगा, यहां अलास्का में? मैंने आपको यह भी बताया "हॉलीवुड और लॉस एंजेलेस समुद्र में कैसे सरक रहे है, कैलिफोर्निया, तू नष्ट हो गया! केवल कैलिफोर्निया ही नही; परंतु तू दुनिया, तू नष्ट है! कलीसिया जब तक तू परमेश्वर के साथ ठीक नही होगी, तू नष्ट है!" पवित्र आत्मा यों कहता है!

327 क्या आपने कभी सुना कि मैंने उसके नाम का प्रयोग किया और यह घटित नही हुआ? आप से पूछता हूं! आप मुझे बीस वर्षों से जानते है, क्या मैंने आपको कोई बात प्रभु के नाम में कभी बताई, परंतु वह ना हुई हो? यदि हर एक चीज जो मैंने कभी आपको बताई कि होगी, हुई, तो "आमीन" कहे। [सभा कहती है, "आमीन!"—सम्पा।] देखा? मैं आपको बताता हूं कि अब घड़ी है, अच्छा है कि हम ठीक हो जाए, हम सब।

अब हम में से हर एक दूसरे के लिए प्रार्थना करे:

328 प्रिय परमेश्वर जैसा कि आज रात्रि हम यहां खड़े है, एक मरते हुए लोग हमारे मुख भूमि की ओर झुके है, धूल की ओर। हम बस... आपने हमें यह काटने वाला संदेश दिया है, प्रभु। हम दो लोगों का उदाहरण देखते है, उन में से एक धार्मिक मनुष्य, कलीसिया में गया, परंतु अनंत जीवन की अगुवाई को अस्वीकार कर दिया। और दूसरे ने संसारिक लोकप्रियता को अस्वीकार कर दिया और अनंत जीवन की ओर *मुड़* गया। और आज रात्रि हम दोनों की स्थिति को देखते है, बाईबल के अनुसार: धनी पुरुष संकट में है और मूसा महिमा में।

329 पिता, हम मूसा के समान होना चाहते है। हम पवित्र पुत्र के द्वारा अगुवाई में रहना चाहते है, यीशु मसीह, अनंत जीवन को। प्रभु, आज रात्रि यह हमारे ह्रदय में डाल दे, पुराने पत्थर के ह्रदय तोड़ दे हम में नया ह्र्दय डाल दे, मांस का ह्रदय, वह ह्रदय जिस से आप बातें कर सकें, और उसके साथ व्यवहार कर सके, और हम घमंडी या भिन्न ना होंगे। प्रभु, पवित्र आत्मा हमें कभी ना छोड़े। होने पाए यह आये और इन लोगों को अभिषेक करें इन से बातें करें; और इनकी पत्थर सी इच्छाये तोड़ डाले और इन्हें परमेश्वर की इच्छा में डाल दे। पिता, हर एक को बचा ले। अपना प्रेम हमें दे, प्रभु। हमें ऐसे स्थान में ले जिससे कि हम सारे भावनात्मक भाग से अलग हो जाए, अनुभव की वास्तविक ठोस भाग पर, ह्रदय के छूने वाले भाग पर, आत्मा की गहराई में, परमेश्वर की महिमा, पवित्र आत्मा का राज्य हमारे ह्रदय में। ओह महान मार्ग दर्शक, महान पवित्र आत्मा, इसके पहले अपनी उड़ान, आप अपनी कलीसिया के साथ आकाश में भरे।

330 ओह परमेश्वर, मुझे जाने दे, प्रभु, यीशु पीछे ना छोड़े। पिता, मुझे आप अपने संग जाने दे। मैं यहां इस पृथ्वी पर नही रहना चाहता कि आने वाली पीडाओ को देखू। मैं इस पागलपन में नही रहना चाहता। मैं यहां नही रहना चाहता जब भयानक दृश्य... लोग अपनी समझ खो रहे है। हम लोगों को देख रहे है कि पशुओं के समान व्यवहार कर रहे है और पशुओं जैसे दिखते है, और स्त्रियां पशुओं के समान दिखने का यत्न कर रही है; अपने रंगे हुए चेहरो के साथ। यह जानते हुए कि इन बातों के घटित होने की भविष्यवाणी हुई है, यह चीजें होगी, वे इतने सनक जायेंगे, यहां तक कि टिड्डियाँ स्त्रियों के समान बालों के साथ स्त्रियों को भयभीत करेगी और

सिंह जैसे दांत, और वे बातें जो आपने कही है, लोगों के सोचने समझने की शक्ति पूरी रीति से समाप्त हो जायेंगी। प्रभु, हम इसको हो हुए देखते है। हमारी सहायता करें! हमें मसीह यीशु, हमारे प्रभु की समझ की ओर फेर लाये।

331 ओ अनंत जीवन के महान मार्गदर्शक, आज रात्रि हम तेरी प्रतिज्ञा को स्वीकार करते है, पिता। मैं इन लोगों के लिए निवेदन करता हूं। मैं प्रभु यीशु मसीह के नाम में इन में से प्रत्येक के लिए निवेदन करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि मसीह परमेश्वर का पुत्र हमारे से प्रत्येक के हृदय में आएगा, प्रभु, हमें यीशु मसीह की नई सृष्टि में ढाले और बनायें। प्रभु, इसे स्वीकार करें।

332 हम आप से प्रेम करते है। और हम अपनी व्यवस्था चाहते है... हमारा बदलाव आप में आने के लिए, ताकि हम आपके बालक बन सके अपने हृदयो में काम करते हुए आपके आत्मा का अनुभव, प्रभु, हमारी चरवाही करें, और इस सनकी जगत में से जिसमें हम रह रहे है, इस अनुभव पर हमें लाए। परमेश्वर, इसे प्रदान करें। जब हम युवा महिलाओं को शैतान के जाल में फंसा हुआ देखते है, युवा मनुष्य, भ्रष्ट विचारों के बालक, नशे के आदि, सिगरेट पीने वाले, पीने वाले, असभ्य, शैतान की वाटिका।

333 परमेश्वर आपको छ हजार वर्ष लगे, बाईबल के अनुसार कि अदन को बनाए। और आपने अपने पुत्र और उसकी पत्नी को उसमें रखा (उसकी दुल्हन) कि शासक करे। और शैतान ने वहां आकर और इसे भ्रष्ट किया; उसके पास छ हजार वर्ष थे और उसने अपना ज्ञान का अदन बनाया, विज्ञान के द्वारा और शिक्षा और कहलाने वाली बुद्धि और उसने इसे मृत्यु में बना लिया।

334 ओह परमेश्वर, हमें वापस अदन में ले चल, प्रभु, जहाँ मृत्यु ना हो जहां दु:ख ना हो। प्रभु, इसे प्रदान करें। हम नम्रता में खड़े हैं, और प्रतीक्षा कर रहे है कि दूसरा आदम अपनी दुल्हन को लेने आए, पिता। हमें उसका भाग बनाए, हम यीशु मसीह के नाम में प्रार्थना करते है। आमीन।

335 क्या आप परमेश्वर से प्रेम करते है? क्या आप अनुभव कर सकते है... क्या आप अनुभव कर सकते है कि मैं आपको क्या बताने का यत्न कर रहा हूं? यदि आप इसे समझ सकते है तो अपना हाथ उठाए, कहे, “मैं समझता हूं कि आप कहने का यत्न कर रहे है।” क्या आप इस युग

का सनकीपन देख सकते है? देखिए यह कैसे गया, यहां तक कि लोगों के बीच में इसका कोई कारण नही। यह चला गया! हमारे वहां है... ? यहां तक कि अगुवे।

336 अपने राष्ट्रपति को देखे! "यदि वे साम्यवाद चाहते है, तो उन्हें लेने दो। लोग जो भी चाहते है, उन्हें यह लेने दो।" हमारा पेट्रिक हैनरी, हमारा जॉर्ज वाशिंगटन कहां है? हमारे वे अगुवे कहाँ है जो सिद्धांत के लिए खड़े हो? अब हमारे पास और नही है।

337 हमारी कलीसियाये हमारे सेवक कहाँ है? क्या लोग उन्हें परखने के लिए लेंगे या भीतर आये, कलीसिया के सदस्य बने और *यह* करे या थोड़ी सी अनुभूति या कुछ। परमेश्वर के वे लोग कहां है, वे भविष्यवक्ता जिन्होंने पक्ष लिया, और संसार की सारी चीजों का विरोध किया? सत्यनिष्ठा के वे लोग कहां है?

338 वे कहाँ पर है? वे इतने उदार और बुद्धि के विचारों के द्वारा और यहां तक कि अब वे नही है। ओह परमेश्वर, हम पर दया कर।

339 ये भयंकर दृश्य जो इस पृथ्वी पर आ रहे है। आप देख सकते है कि कैसे लोग उसमें चाह रहे है। यह पागलपन है। परंतु जब वह चीज प्रभाव डालेगी, कलीसिया चली जायेंगी।

340 परमेश्वर हम वहां होने पाये, मेरी यह प्रार्थना, उस महान अलौकिक जीवन से है, जो आज रात्रि इस भवन में है, वह महान मसीह, जिसके पास अब भी अनंत जीवन है। मसीह, मैं तुझ से प्रार्थना करता हूं जैसा कि मैं यहां अपनी खुली आंखों के साथ हूं, उस कलीसिया को देख रहा हूं जिसे आप अपने लहू से बचाया है। परमेश्वर, हम में से एक भी नष्ट ना होने पाए। मैं आपके साथ सही होना चाहता हूं। इसलिए हमें शुद्ध करें, हमें हमारे सारे अपराधों से, हमारे पापों आदि को हटा दें।

341 हमने देखा है आप हमारे रोगों को चंगा करते है, यहाँ तक की हमारे मरे हुओं को जिला देते है (प्रार्थना के द्वारा फिर जीवित हुए) और हमने यह सारी चीजें होती देखी है, पिता। अब *हमें* वापस आत्मिक जीवन में ले आए; हमें मसीह यीशु के द्वारा अनंत जीवन में ले आये हमें मसीह यीशु के द्वारा अनंत जीवन के अनुभव में ले आए। पिता, इसे प्रदान करे। मैं सब कुछ आपको समर्पित करता हूं, यीशु मसीह के नाम में।

जब तक हम मिले! जब तक हम मिले!
जब तक यीशु के चरणों पर मिले;
जब तक हम मिले!

उसकी ओर ताके, वह हमें नम्र बनाए

... हम मिलते है!
परमेश्वर आपके संग हो जब तक हम फिर मिले!

342 अब हम अपने हाथ उठाए:

जब तक हम मिले! जब तक हम मिले!

भाई सलानो जो भी आता है। [कोई कहता है, “कुछ और?”—सम्पा।] नही। परमेश्वर आपको आशीष दे।

नेतृत्व HIN65-1207

(Leadership)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मंगलवार शाम, 7 दिसम्बर, 1965 को फुल गोस्पल बिसनेसमेंस फ़ेलोशिप बैंक्वेट पर, कोविना बोवल, कोविना, केर्लिफोर्निया, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2018 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org